


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल





■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 204

ग्वालियर, सोमवार, 13 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### उबरने की राह पर बढ़ रही अर्थव्यवस्थाः उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था उबरने और दीर्घकालीन नवीनीकरण की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रही है। नायडू ने कहा कि केंद्र द्वारा समय पर किए गए सिलसिलेवार उपायों और नीतिगत सुधारों से इसने गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था ने मौजूदा वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही में 20।1 प्रतिशत की दर से वृद्धि की। विभिन्न रिपोर्टों में विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत वापसी करने का संकेत दिया गया है। नायडू ने कहा कि कृषि क्षेत्र पिछले साल की प्रथम तिमाही की 3।5 प्रतिशत तुलना में इस साल 4।5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने यहां हाल ही में आयोजित हिन्दुस्तान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में कहा कि उर्वरक, सीमेंट, इस्पात, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों जैसे कोर सेक्टर ने भी सकारात्मक गति प्रदर्शित की है।

### उर्वरक की कमी का समाधान करने केंद्र से संपर्क में हैः पटनायक

**भुवनेश्वर (ए)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा है कि राज्य में उर्वरक की कमी के समाधान करने के ?लिए प्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के संपर्क बनाए रखे है। ओडिशा मेंसत्तारूढ़ बीजद राजय में उर्वरक की कमी और फसल बीमा का भुगतान नहीं किए जाने के मुद्दों को उठाती रही है। किसानों की समस्या पूरे राज्य के लिए चिंता का विषय है। ओडिशा के किसानों के लिए उर्वरकों की आपू?र्ति के मद्देनजर मैं लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में हूं। हमने धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभों के वितरण की ओर भी केंद्र का ध्यान आकर्षित किया है। पटनायक ने 31 जुलाई को केंद्र को लिखे पत्र में कहा था कि मई, जून और जुलाई महीने में उर्वरकों की आपूर्ति में कमी आई है।

### पीएम मोदी ने नुआखाई के पावन अवसर पर देशवासियों को बधाई दी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री ने नुआखाई के पावन अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा- नुआखाई जुहार! इस पावन अवसर पर सभी को बधाई। नुआखाई पर हम अपने मेहनती किसानों के उत्कृष्ट प्रयासों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना करते हैं। मैं सभी के अच्छे स्वास्थ्य और कुशलता के लिए प्रार्थना करता हूं।

### राज्यों को 72.21 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके। देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और अन्य माध्यमों से टीके की 72.21 करोड़ से अधिक (72,21,17,085) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं।

### बारामूला जिले में बादल फटने से परिवार के चार सदस्यों की मौत

**श्रीनगर (ए)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बादल फटने की घटना में बकरवाल (घुमंतू समुदाय) परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि बारामूला जिले के रफियाबाद इलाके के कफरनार घास के मैदान में बकरवाल परिवार के चार लोग मृत मिले।पुलिस ने बताया कि परिवार के छह सदस्यों में से चार मृत पाए गए, जबकि एक जीवित पाया गया और एक अभी भी लापता है। परिवार राजौरी जिले के हाजी बशीर अहमद खारी से संबद्ध था।

## डेंगू व वायरल बुखार के हॉट स्पॉट बने जिलों में आपका इंतजार है

# शिवराज की जनदर्शन यात्रा पर कमलनाथ का तंज, बोले- मुख्यमंत्री वहां भी जाएं जहां लोग उनके दर्शन करने आतुर हैं

**भोपाल (ए)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार से उन विधानसभा क्षेत्रों में जनदर्शन यात्रा शुरु की है, जहां उप चुनाव होने वाले हैं। उनकी इस यात्रा को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को उन क्षेत्रों में भी जाना चाहिए, जहां लोग उनके दर्शन को आतुर हैं। डेंगू व वायरल बुखार के हॉट स्पॉट बने जिलों में आपका बेसब्री से इंजतार हो रहा है।

शिवराज ने जनआशीर्वाद यात्रा की तर्ज पर सतना जिले की रैगांव सीट से जनदर्शन यात्रा शुरु की है। कमलनाथ ने सीएम की जनदर्शन यात्रा पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज जी आज से चुनावी जनदर्शन यात्रा पर निकले हैं। वे जनदर्शन यात्रा करें, अपने दर्शन जनता को दें, हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनका जनदर्शन का कार्यक्रम सिर्फ उन क्षेत्रों में हो रहा है, जहां आगामी समय में उपचुनाव होना है। बेहतर होगा अगर वह अपना जनदर्शन उन क्षेत्रों में भी दें, जहां जनता बड़ी बेसब्री से उनके दर्शनों को आतुर है। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हुई विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि शिवराज को इन जगहों पर जा कर अपने दर्शन देने चाहिए। प्रदेश में जहां-जहां भी जहरीली शराब से मौतें हुई हैं, वहां उनके दर्शनों की ज़रूरत है, लेकिन वे वहां जा नही रहे है। प्रदेश के नेमावर, नीमच व खरगोन में आदिवासियों पर दमन व हत्या की घटना हुई है,वहां पीड़ित परिवार उनके जनदर्शन की उम्मीद के साथ उनका इंतज़ार कर रहा है।



कमलनाथ ने प्रदेश में बढ़ रहे डेंगू के प्रकोप और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के कई जिले डेंगू व वायरल बुखार के हॉटस्पॉट बने हुए हैं, अस्पताल भरे पड़े हैं। एक-एक बेड पर 3-3 बच्चे इलाज करा रहे हैं, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल तस्वीरे रोज सामने आ रही है। उन अस्पतालों में भी उन्हें जनदर्शन के लिए जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि गंज बासौदा की दुखद घटना पर भी उन्हें जनदर्शन के लिए जाना चाहिए। प्रदेश के कई स्थानों पर मॉब लीचिंग की घटनाएं हुई है, उन्हें वहां भी जनदर्शन के लिए जाना चाहिए। लेकिन उनका जनदर्शन तो सिर्फ उन क्षेत्रों के लिए है ,जहां आगामी समय में उपचुनाव होना हैं। वहां वे हमेशा की तरह झूठे नारियल फोड़ेंगे, भूमि पूजन, शिलान्यास, झूठी घोषणाओं के नाम पर जनता को गुमराह करने का काम करेंगे।

## मां के संसदीय क्षेत्र पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा, हनुमान मंदिर पर अपना मत्था टेककर पूजा-अर्चना की



**रायबरेली (ए)।** लखनऊ में दो दिन का समय बिताने के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को अपनी मां के संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं।रायबरेली जिले में प्रियंका गांधी ने सबसे पहले चूरूवा स्थित हनुमान मंदिर पर अपना मत्था टेककर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के पुजारी से आशीर्वाद भी लिया। वहीं, प्रियंका का स्वागत करने के लिए कांग्रेसी नेता आपस में ही भिड़ गए।कई वीडियो में कार्यकर्ता एक-दूसरे से बहस करते हुए दिखाई दिए। प्रियंका के आगमन की खबर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तक पहुंचते ही रायबरेली की सड़कें होर्डिंग्स और बैनरों-पोस्टरों से पाट दी गई हैं। साल 2017 के चुनावों की अपेक्षा 2022 का चुनाव रायबरेली में खासा चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है, क्योंकि रायबरेली में 2017 में ना अखिलेश सिंह का विरोध था और ना ही दिनेश का, दोनों ही कांग्रेस पार्टी के सहयोगी थे। उत्तर प्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से कांग्रेस पार्टी का समझौता हो चुका था, लेकिन अब दिनेश सिंह कांग्रेस पार्टी में नहीं हैं।वहीं, अखिलेश की बेटी अदिति सिंह बतौर कांग्रेस विधायक होकर भी कई बार अपनी ही पार्टी पर सवाल खड़े कर चुकी हैं। दिनेश सिंह के भाई राकेश जोकि कांग्रेस पार्टी की ओर से हरचंदपुर विधानसभा से विधायक चुने गए थे, लेकिन अब उनका भी रुख बीजेपी की ओर दिखाई देता रहा है।

अब प्रियंका गांधी रायबरेली में 2022 के चुनाव के मंथन के लिए आ रही हैं,तब वह ग्राम पंचायत से लेकर न्याय पंचायत और पूर्व विधायकों के साथ-साथ संभावित प्रत्याशियों के साथ भी बैठक करेंगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लखनऊ से सड़क मार्ग द्वारा रायबरेली पहुंचीं।कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले के सीमा की शुरुआत से ही स्वागत के लिए लोगों को लगा रखा था। इसी कड़ी में बछरावां चौराहे पर जिन्हें स्वागत के लिए लगाया गया था उनकी टोली में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेता सुशील पासी भी आ गए। सुशील पासी से कहा गया कि आखिर यहां पर उनकी स्वागत में ड्यूटी लगी है।

## मप्र को सौगातें देंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**भोपाल।** केंद्रीय भूतल परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इंदौर आएंगे. केंद्रीय मंत्री गडकरी 16 और 17 सितंबर को इंदौर में रहेंगे और यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे के इन दो दिनों में शहर को अनेक सौगातें मिलने की आस लगाई जा रही है. इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भी गडकरी के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

इंदौर के विकास की गति अब तेज हो सकती है. इतना ही नहीं, शहर को कई महत्वपूर्ण सौगातें भी मिल सकती है। केंद्रीय भूतल परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दौरे से उम्मीदें बढ गई हैं. सांसद शंकर लालवानी ने केंद्रीय मंत्री गड़करी और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के दौरे की पुष्टि की. उन्होंने बताया कि मंत्री गडकरी 16 सितम्बर की शाम को इंदौर पहुंचेंगे। वे ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। वे इसी दिन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निरीक्षण भी कर सकते हैं. यह निरीक्षण हेलीकॉप्टर से किया जाना तय किया गया है. गडकरी के इंदौर दौरे में मल्टी लेवल लॉजिस्टिक्स हब का एमओयू होने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही फर्नीचर क्लस्टर का लोकार्पण हो सकता है।



### कोरोना का नया खतरा, दूसरे वेरियंट के सैंकड़ों मामले बढ़े

गडकरी का इंदौर का दो दिन का दौरा बेहद खास माना जा रहा है. पिछले कुछ समय से उनके विभागों से संबंधित कामों में तेजी दिख रही है. इंदौर से उज्जैन होकर झालावाड़, जयपुर जैसे प्रोजेक्ट्स से लेकर भंवरकुआं-तेजाजी नगर सड़क, लॉजिस्टिक्स हब, इंदौर-बैतूल-नागपुर आदि में जबर्दस्त गति देखी जा रही है। उम्मीद है कि गडकरी इंदौर के लिए कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते हैं।


## गुजरात के नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा, भूपेन्द्र पटेल के हाथ में सत्ता की कमान



**अहमदाबाद (ए)।** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद पिछले 24 घंटों से नए मुख्यमंत्री को लेकर चल रहा सस्पेंश आखिरकार खत्म हो गया है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में विधायक दल की बैठक के बाद केन्द्रीय पर्यवेक्षक नरेन्द्र तोमर ने गुजरात के नए मुख्यमंत्री के रूप में भूपेन्द्र पटेल के नाम का ऐलान किया। पहली बार अहमदाबाद की घाटलोडिया निर्वाचन से विधायक बने भूपेन्द्र पटेल उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल के गुट के और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र के निवासी हैं। आनंदीबेन पटेल के घाटलोडिया विधानसभा सीट छोड़ने के बाद भूपेन्द्र पटेल को 2017 के चुनाव में यहां से टिकट दिया गया था। 2017 में पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले भूपेन्द्र पटेल ने गुजरात में सबसे बडे मार्जिन से जीत दर्ज की थी। दादा के नाम से विख्यात भूपेन्द्र पटेल अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन, अहमदाबाद महानगर पालिका में स्थायी समिति के चेयरमैन रह चुके हैं। कंस्ट्रक्शन व्यवसाय से जुड़े भूपेन्द्र पटेल कडवा पाटीदार हैं और पाटीदार समाज पर मजबूत पकड़ रखते हैं। विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद मुख्यमंत्री को लेकर जिन नामों की अटकलें लगाई जा रही थीं, उसमें दूर दूर तक भूपेन्द्र पटेल नहीं थे। नया मुख्यमंत्री पाटीदार होगा यह तय था, लेकिन कौन होगा इसे लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। जिसमें नितिन पटेल सबसे प्रबल दावेदार थे। नितिन पटेल के अलावा केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, पुरुषोत्तम रूपाला के अलावा गोरधन झडफिया, आरसी फलदु, गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील के अलावा केन्द्र शासित प्रदेश दीव दमन दादरा नगर हवेली के प्रशासक प्रफुल पटेल का नाम शामिल था। हांलाकि सीआर पाटील ने बीते दिन ही स्पष्ट कर दिया था कि वह मुख्यमंत्री की दौड में नहीं हैं।







# चंद मिनिटों में खुली बेशर्म विभाग की पोलः नालिया फुल, सडकों पर 6 इंच पानी



शिवपुरी।

शहर में शनिवार की शाम हुई कुछ मिनटों की बारिश के बाद कृष्णपुरम और विजयपुरम कॉलोनी में नालियो में पानी के निकास ओर सफाई की उचित व्यवस्था ना होने के कारण नालियो में पानी आवरफ्लो हो गया,जिससे पानी सडको पर आ गया। सडको पर लगभग 6 इंच पानी भर गया। जिससे कॉलानी के पुराने मकान जिनकी उंचाई कम थी उनमें पानी भर गया। ज्ञात हो कि शहर में नालियों का निर्माण सही ढंग से नहीं होने व इसकी सफाई भी निरंतर ना होने के कारण बारिश होने पर पानी का समा नहीं पाता जिसके चलते पानी सडकों पर आ जाता है और सडकें तालाब मे बदल जाती हैं।

शनिवार की शाम तेज बारिश होने पर शहर की प्रसिद्ध कॉलोनी कृष्णपुरम और विजयपुरम में सडकों पर पानी ही पानी नजर आया। साथ ही विजयपुरम कॉलानी में बारिश के पानी के निकास के लिए अभी तक नगरपालिका प्रशासन द्वारा नाली निर्माण कार्य नहीं कराया गया। जिसके चलते सड़को एवं खाली पड़े प्लाटों में पानी भर जाता है और पानी सडता है जो बदबू मारता है जिसमें मच्छर पैदा होने लगे हैं। रास्तों पर पानी भर जाने के कारण कॉलोनी वासियों का पैदल बाजार चलने मे भी समस्यों का सामना करना पड़ता है।बारिश के बाद ठहरे हुए पानी मे पड़ी गंदगी से बदबू आने लगती है। एवं कीड़े मकोडे, मच्छर इत्यादि जीव पैदा होने से कॉलोनी वासियों को गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। वहीं दूसरी ओर शहर में आबारा घूम रहे सुअरों का भी गंदगी के चलते जमाबड़ा लगा रहता है।

### सडकों से हटे सुअर अब पहुंचे कॉलोनियो में

पिछ्ले दिनो से शहर की हटे सुअर हटाने के लिए एडवोकेट ने नपा को नोटिस भेजा हैं जिससे नपा प्रेशर में आ गई और अब सडको पर सुअर नही दिख रहे लेकिन कॉलोनियो में सुअरो की संख्या में इजाफा हो गया है। इस कारण फतेहपुर रोड़ एवं विजयपुरम कॉलोनी में सुअरो की संख्या बढ गईं हैं जिसके चलते आये दिन फतेहपुर रोड़ पर एक्सीडेन्ट की घटनायें निरंतर देखने को मिल रही है। इस ओर नगरपालिका के लापरवाह अधिकारी का कोई ध्यान नही है।

कॉलानी वासी आये दिन अपनी शिकायतों को लेकर नगरपालिका जिसे सरकार का बेशर्म विभाग कहा जता हैं इस बेशर्म विभाग मे आवेदन लगाते रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी का इन समस्याओं पर कोई ध्यान नही देते। जब इस संबंध मे नगरपालिका के नवगत सीएमओ शैलेन्द्र अवस्थी को फोन लगाया गया तो साहब अपना फोन उठाना भी मुनासिफ नही समझते।

## तेज रफ्तार कार ने उड़ाया बाईक को- 1 की मौके पर मौत,1 गंभीर घायल

शिवपुरी।

खबर जिले के सुभाषुपरा थाना क्षेत्र से आ रही है कि थाना क्षेत्र में फोन लेन सडक पर ग्वालियर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को पीछे से उडा दिया। इस घटना मे 1 युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई और 1 युवक के गंभीर घायल होने की खबर आ रही है।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे सुभाषपुरा थाना क्षेत्र में आने वाले नयागांव के पास फोरलेन पर शिवुपरी से ग्वालियर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने ग्वालियर की ओर जा रही एक बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। घटना स्थल पर मौजूद लोगो का कहना है कि कार बाइक को उडाकर फरार हो गई। बाइक पर 2 लोग बैठे थे। पीछे वाले युवक की मौत घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम छोटू जाटव उम्र 33 साल निवासी गसमानी थाना गसमानी श्योपुर बताया जा रहा हैं। मृतक की लाश को पीएम के लिए सतनवाडा हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। वही बाईक चला रहा युवक शिवदयाल जाटव उम्र 24 साल निवासी सरगंपुर थाना चिलमानी जिला श्योपुर गंभीर रूप से घायल हो गया है,घायल शिवदयाल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं शिवदयाल के सिर में गंभीर चोट है खबर लिखे जाने तक उसे होश नही आया था। बताया जा रहा है कि दोनो डंफर चालक हैं और सतनवाडा पर डंफर रखकर कही सुभाषपुरा की ओर पार्टी करने जा रहे थे।

## मझेरा के पास दंपत्ति को लूटा, भिंड से भौंती जा रहे थे

शिवपुरी।



शहर के देहात थाना अंतर्गत ग्राम मझेरा के पास बीती शाम एक बाईक सवार पति पत्नि के साथ चार बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर लूट का केस दर्ज कर लिया हैं।जानकारी के अनुसार राजस्थान में काम करने वाला एक युवक शिवसिंह पुत्र श्रीलाल कुशवाह निवासी बसंनपुरा लहार भिंड अपनी पत्नि के साथ बाइक पर सवार होकर अपने एक रिश्तेदार के घर भौंती जा रहा था। इसी दौरान उसे शुक्रवार की देर शाम करीब 7-30 बजे ग्राम मझेरा के पास दो बाइकों पर सवार चार बदमाशो ने रोक लिया और हथियारो की दम पर शिवसिंह के पास से मोबाइल,पत्नि का मंगलसूत्र व 8 हजार रूपए नगद लूट लिए और लूटेरे फरार हो गए। बाद में आरोपी फरार हो गए।जहाँ पीडित पुलिस थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने अज्ञात बदमाशो पर मामला दर्ज करते हुए बदमाशो की तलाश शुरू कर दी।

## नही रुक रहा चोरियों का सिलसिला बैराड़ में गजराज और कृष्णा के घर में हुई चोरी

शिवपुरी।

बैराड थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाओ से लोग दहशत में हैं शनिवार की रात चोरों ने एक के बाद एक 2 घरो को निशाना बनाया और दोनो मकानों से करीब डेढ लाख रूपए कीमत का सामान चुराकर ले गए। वही पुलिस की कार्यवाही केवल एफआईआर तक सिमट कर रह गई हैं। जानकारी के अनुसार बीती रात कालामढ हनुमान मंदिर के पास वार्ड नंबर 10 में रहने वाले गजराज पुत्र काशीराम रावत के घर के कमरे का ताला तोडकर चोर डिब्बे में रखे नगदी 50 हजार रूपए व सोने चांदी के जेवरात सहित करीब एक लाख का माल समेट ले गए। चोरो ने इसके आलावा कालामढ में ही काली माता मंदिर के सामने रहने वाली कृष्णा पत्नि वीरेंद्र रजक के कच्चे मकान की पिछ्ली दिवार तोडकर चोरी की और संदूक उठाकर ले गए जिसमें 10 हजार रूपए नगदी,सोने का मंगलसूत्र एंव चांदी के करधनी, पायल, बिछिया मिलाकर करीब 50 हजार रूपए का समान था। सुबह दोनो परिवारो को चोरी की घटना का पता चला,जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी गई। मौंके पर पहुंची पुलिस ने दोनो मामलो में जांच पडताल कर अज्ञात चोरो पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

## पूर्व संरपच मामौनी एवम् कायस्त समाज के अध्यक्ष के यहां शोक की लहर





करैरा।

मामौनी के पूर्व संरपच धर्मचंद्र जैन के पिता व विनीश जैन के दादा बाबू लाल जैन का निधन शनिवार रात्रि मे हो गया इनकी अंतिम यात्रा आज रविवार को दोपहर 12 बजे निज निवास तहसील के सामने से गणेश घाट मुक्तिधाम के लिये निकाली जावेगी। वही डुमघना निवासी कायस्थ समाज करैरा के अध्यक्ष सत्यप्रकाश श्रीवास्तव की भाभी एवं रवि, नरेन्द्र ,प्रदीप श्रीवास्तव (सोनूसर ,मोनूसर) की माता जी मेवादेवी श्रीवास्तव हाल निवास सिटीसेन्टर करैरा का आज सुबह बीमारी की चलते निधन हो गया।उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10-30 बजे निज निवास सिटी सेंटर से गणेश घाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी । दोनो की मौत से नगर मे दुख का माहोल देखने को मिला

## रुपये दूसरे खाते में कराए ट्रासंफर, कियोस्क संचालक ने पैसे मांगें तो झोंक दी आंखो में मिर्ची गर्दन पर अडाया चाकू

शिवपुरी।

बदरवास। जिले के बदरवास नगर में एक युवक ने 40 हजार रूपए का ठगने का प्लान सेट कर एक कियोस्क संचालक के पास पहुंचा और उससे 40 हजार रूपए दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए,जब कियोस्क संचालक ने उससे पैसे मांगे तो वह उसकी आंखो में मिर्ची झोंकी कर भाग गया। पुलिस पकडने पहुंची तो अपनी ही गर्दन पर चाकू अडा लिया।

**500 रूपए में किया एकाउंट का जुगाड**

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर एक अज्ञात युवक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने दुकान संचालक गोविंद धाक? की दुकान पर पहुंचा और उससे कहा कि मुझे किसी से 40 हजार रुपए मंगवाने हैं। मेरा बैंक एकाउंट नहीं है, इसलिए आप अपना एकाउंट नंबर दे दो। इसके एवज में उसने गोविंद को 500 रुपए देने की बात कही। गोविंद इस बात पर राजी हो गया और उसने अपना एकाउंट नंबर उसे दे दिया।

**40 हजार मांगे तो जेब से पैसों की जगह निकली ली लालमिर्ची**

इसके बाद यह युवक एसबीआई का कियोस्क चलाने वाले विपिन धाक? के कियोस्क सेंटर पर पहुंचा। वहां इसने विपिन को गोविंद का एकाउंट नंबर देते हुए कहा कि मुझे इस खाते में 40 हजार रुपए ट्रांसफर करवाने हैं। इसके एवज में उसे भी कुछ अतिरिक्त पैसा देने की बात कही। विपिन ने जैसे ही अपने एकाउंट से बताए गए खाते में पैसा ट्रांसफर किया। उक्त अज्ञात आरोपी ने जेब से पैसा निकालने की नौटंकी करते हुए जेब में से लाल मिर्च निकाली व उसकी आंखों में झोंक दी।

**कियोस्क संचालक पहुंच गया खाताधारक के पास**

विपिन जब तक सामान्य हुआ तब तक आरोपी का कुछ पता नहीं चला वह कहां चला गया। जब एकाउंट की प?ताल की तो पता चला कि वह एकाउंट उनके परिचित युवक गोविंद का निकला। तत्काल गोविंद को फोन लगाया तो पूरा मामला पता चल गया। इसी दौरान यह अज्ञात युवक भी गोविंद की दुकान पर पहुंच गया व उससे पैसों की मांग करने लगा। गोविंद ने इस युवक को बातों में उलझाया व एटीएम से पैसे निकालने की बात कही। इसी दौरान विपिन भी अपने साथियों वहां पहुंच गया।

**आरोपी ने चाकू निकालकर अपनी ही गर्दन पर अडा लिया**

मामले की जानकारी पुलिस को लगी तो पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी पुलिस व अन्य लोगों को छकाकर खेतों में कूदते हुए बायपास पर पहुंच गया। पुलिस भी पीछे से वहां पहुंच गई और आरोपी को दबोच लिया। जैसे ही आरोपी ने खुद को घिरा पाया तो गले पर चाकू लगा कर मरने की धमकी देने लगा।

## कोलारस पुलिस ने शातिर चोर गिरफ्तार किए चोरी की 4 बाइक सहित 2 ट्रेक्टर भी पकड़े

**शिवपुरी।**





कोलारस पुलिस ने शनिवार को बाइक चोरी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया हैं। साथ ही युवक के कब्जे से विभिन्न स्थानो से चोरी गई 4 बाइक भी बरामद की गई हैं। पुलिस ने पकडे गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार कोलारस थाना प्रभारी आलोक सिंह भदौरिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चंदू पुत्र रामजीलाल खटीक निवासी भटनावर थाना पोहरी को पकडा और उससे पूछताछ की तो आरोपी ने बाइक क्रमांक एमपी 33 एमआर 6976 जिला चिकित्सालय शिवपुरी के सामने से चोरी करना स्वीकार की।वही बाइक क्रमांक एमपी 08 एमएफ 7591 जिला गुना से चोरी गई बाइक बरामद कराई एवं थाना कोलारस पूर्व वर्ष 2020 मे चोरी गई बाइक क्रमांक एम.पी. 33 एम.के. 2668 कोलारस फूलराज होटल के सामने से चोरी करना स्वीकार किया।

**रेत से भरे ट्रेक्टर जब्तः** कोलारस पुलिस द्वारा शनिवार की शाम को पडोरा चौराहे पर गश्त चैकिंग के दौरान बिना रॉयल्टी के अवैध रुप से बजरी का उत्खनन का परिवहन करते हुए ट्रेक्टर क्र एमपी 33 एबी 9992 पावर ट्रक का महिन्द्रा बिना नम्बर का ट्राली रेत से भरी हुई पकडी गयी। जिस पर से अप.क्र. 411 21 धारा 379 ताहि . 18 ( 1 ) म.प्र . खनिज अधिनियम चालक आरोपी मोहर सिंह गुर्जर व धर्मवीर गुर्जर निवासी गोराटीला गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । उक्त ट्रेक्टर को पकड़ने में थाना प्रभारी आलोक भदौरिया , सउनि वर्मा , प्रआर . 306 सुभाष यादव , आर . ओमसिंह , आर . दीनू रघुवंशी की विशेष भूमिका रही हैं।

## एमएम हॉस्पिटल युवक की मौत, परिजनों का हंगामा- लाश के बदले 10 हजार रूपये मांगने का आरोप

शिवपुरी।




खबर शहर के एमएम हॉस्पिटल की हैं जहाँ भर्ती आदिवासी युवक की मौत ईलाज के दौरान हो गई। युवक की मौत हो जाने पर परिजनो ने हॉस्पिटल में हंगामा करते हुए हॉपिस्टल प्रबंधन पर लाश देने के ऐवज में 10 हजार रूपए मांगने का आरोप लगाया है। वही इस मामले मे हॉस्पिटल प्रबंधन का कहना है कि मृतक से मात्र 2 हजार की लेनदारी निकल रही हैं 10 हजार रूपए मांगने का आरोप झूठा हैं।जानकारी के अनुसार केदार आदिवासी पुत्र छोटे लाल आदिवासी उम्र 32 साल निवासी पीएसक्यू लाईन की आज सुबह 7 बजे अचानक से तबीयत खराब हुई। उसने सीने में दर्द बताया तो परिजनो ने उसे शहर के निजी अस्पताल एमएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया। एमएम हॉस्पिटल में उसका डॉक्टरो ने उपचार शुरू किया और उपचार करने से पहले 5 हजार रूपए जमा करा लिए। लेकिन 10 बजे केदार आदिवासी की ईलाज के दौरान मौत हो गई। केदार की मौत होने के बाद परिजनो ने हॉस्पिटल में हंगामा कर दिया। मृतक की बहन का कहना है। कि सुबह 7 बजे हमने केदार को अस्पताल में भर्ती कराया। और उसके बाद हमसे डॉक्टरों ने 5 हजार रूपये अस्पताल में जमा कराने को कहा गया। तो हमने रूपये जमा करा दिये। लेकिन अचानक से मृतक केदान की मौत हो गई उसके बाद डॉक्टर हमें केदार की लाश नहीं दे रहे । डॉक्टर का कहना यह था कि पहले अस्पताल में 10 हजार रूपये जमा कराओ। फिर हम अपको लाश देंगे। मीडिया को मृतक की बहन ने कहा की अब मेरा भाई ही नहीं रहा तो हम तुम्हे किसी चीज के रूपये दे। डॉक्टर अगर हमें पहले ही बता देते कि मेरे भाई का ईलाज यह नहीं हो पायेगा तो हम उसे किसी दुसरे अस्पताल में भर्ती करा देते, लेकिन डॉक्टर तो अब रूपये मांग रहे है।वहीं इस मामले में एमएम हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर आरपी सिहं का कहना है कि पेंसेट को हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। हमने ईलाज में कोई लापरवाही नहीं कि जब वह सुवह भर्ती किया गया था। उसे हार्ट अटैक आया था, वह सीरियस था परिजनों को उसकी स्थिति बता दी गई थी। उसके ईलाज में केवल 4200 रूपये खर्च हुए है। अब अस्पताल को उसके आक्सीजन के 2 हजार रूपये लेने है जो हमने माफ कर दिये है। लाश को देने के ऐवज में 10 हजार रूपये मांगने कि कहानी झूठी है।

# लोधी समाज संगठित होकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाएं : प्रहलाद सिंह पटेल

### वीरांगना अवंती बाई के विचारों को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास करें : जालम सिंह पटेल

### लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल एवं मंचासीन अतिथियों ने लोधी समाज के ग्रंथ का किया विमोचन

भिण्ड। भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि हमारे समाज का 1842 के इतिहास का समाज को अध्ययन करना चाहिए जिसमें समाज के महारानी वीरांगना अवंतीबाई जैसे महापुरुषों ने देश को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान दिया और आज हमारा समाज संगठित नहीं हमें सबसे पहले अपने समाज को संगठित होने पर ध्यान देना चाहिए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में हम अपने बच्चों को आगे बढ़ा कर देश का नाम रोशन कराएं और योग्य विद्यार्थी हर क्षेत्र में आगे निकल कर समाज को भी गौरवान्वित करने का काम करेंगे। यह बात उन्होंने अखिल भारतीय लोधी लोधा क्षत्रिय राजपूत महासभा द्वारा आयोजित संगम गार्डन में एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के हसीन से बोलते हुए व्यक्त किए जिसकी अध्यक्षता विधायक एवं लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल नेकी विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाहा संजू विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी विशेष रुप से मौजूद थे द्य लोधी समाज के जिलाध्यक्ष एवं सरपंच सुघर सिंह नरवरिया ने आभार एवं कार्यक्रम का संचालन भंवर सिंह नरवरिया द्वारा किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना शहीद अवंतीबाई के छायाचित्र पर मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के जिला स्तरीय सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि लोधी समाज ऐसा समाज है जोकि अपने अधिकारों के प्रति स्वयं आगे आकर संघर्ष करता है हमारे समाज जो कुर्तियां फैली है उन्हें हम दूर कर समाज को संगठित करने का काम करें जिससे हमारी पहचान पूरे देश में स्थापित हो सके।





अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक जालम सिंह पटेल ने कहा महारानी वीरांगना अवंतीबाई ऐसी मातृशक्ति थी जिन्होंने इस देश को स्वतंत्र कराने में अंग्रेजों से संघर्ष कर अपना विशेष योगदान देकर अहम भूमिका निभाई थी इनके विचारों को समाज के अंतिम छोर तक रहने वाले व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हमारे लोधी समाज के पदाधिकारी करेंगे तो निश्चित ही हमारे संगठन मजबूत होकर आज विकास की दिशा से जोड़ने का काम करें।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि लोधी समाज अन्य समाजों से अलग है समाज के विकास के लिए मैं किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोडूंगा। आपने मुझे अपना जन सेवक बनाकर अटेर क्षेत्र का नेतृत्व प्रदान किया है आज में आपके आशीर्वाद से मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में कार्यरत हूं मैं नहीं आप ही मंत्री हैं आप जहां से करेंगे वहां विकास कार्यों को प्राथमिकता देना मेरा कार्य रहेगा आप सभी एक सूत्र में पिरोकर अपने समाज को संगठित करें और शिक्षा के क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देने का कार्य करें।

### समाज को शिक्षा देने की आवश्यकता है : संजू सिंह

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव सिंह कुशवाहा संजू ने कहा समाज को शिक्षित होने की आवश्यकता है जब हम शिक्षित होंगे तो अपने अधिकारों के प्रति स्वयं आगे आकर संघर्ष करेंगे और समाज को संगठित कर अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं जिससे आपके के बच्चे अच्छी योग्यता के साथ प्रशासनिक अधिकारी बनकर समाज को गौरवान्वित करें, मैं आपको वचन देता हूं आपके समाज को कभी पीठ नहीं दिखाऊंगा।

केंद्र की मोदी ओर प्रदेश की शिवराज सरकार ने ओबीसी समाज को 27 प्रतिसत आरक्षण के साथ समाज को आगे बढ़ाया। प्रदेश सरकार ने मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने समाज को जागृत करते हुए कहा के केंद्र की मोदि सरकार और मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व बाली भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग समाज 27 प्रतिशत आरक्षण सरकारी भर्तियों में देकर आगे नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है, इस योजना का आप अपने बच्चो को आगे बढ़ाएं।

केन्दीय मंत्री पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल एवं मंचासीन अथतियो का लोधी समाज के जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत नायव के सरपंच सुघर सिंह नरवरिया ने बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया ने अपने निवास पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल विधायक का साल श्रीफल के साथ अगुवानी की। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य एवं मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के निवर्तमान अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया के निवास स्थान ग्राम मंगलपुरा मैं केंद्रीय मंत्री कैलाश सिंह पटेल लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक जालम सिंह पटेल एवं अतिथि गणों का शॉल श्रीफल माल्यार्पण कर उनकी अगुवानी की जिसमें पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अवधेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता मायाराम शर्मा एडवोकेट भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व मंडी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया पूर्व जिला अध्यक्ष रवि सेन जैन राम प्रकाश तिवारी भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला नरवरिया लोधी समाज के जिला अध्यक्ष सुघर सिंह नरवरिया ने उनकी अगुवानी कर स्वागत किया। इस अवसर पर पिछोर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी पीतम सिंह लोधी केदार सिंह बाराकला तथा अन्य अतिथि गण तथा लोधी समाज के प्रदेश एवं जिला संवाद पदाधिकारी मौजूद थे।

## बजरंग दल हिंदुस्तान की बैठक हुई सम्पन्न



भिण्ड। फूप कस्बे में स्थित काली माता के मंदिर पर प्रदेश अध्यक्ष संजीव शर्मा की मौजूदगी में बजरंग दल हिंदुस्तान के सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इस दौरान शर्मा जी द्वारा लोगों को हिंदू एकता, सनातन धर्म के प्रति जागरूक करने हेतु भाषण देते हुए कहा गया कि अगर इसी तरह हिंदू अलग होता रहा लोग अपने हिंदुत्व संस्कृति एवं सनातन धर्म के बारे में भूलते गए तो यह हिंदू एकता एवं अखंडता के लिए अभिशाप बनकर उभरेगा। इसलिए हमें हिंदुत्व के प्रति जागरूक होने के साथ हर हिंदू को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसी के साथ जागरूकता के लिए हर हिंदू घर में भगवा रंग का झंडा लगाने के लिए कहने के साथ बैठक का समापन किया गया मोजूद रहे पंडित राजेश शास्त्री, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, मोनू शर्मा, हिमांशु सिंह, रवि सिंह सहित आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

## जहरीले पदार्थ सेवन युवक को समय रहते डायल-100 ने पहुंचाया अस्पताल

भिण्ड। पावई थाना अंतर्गत आने वाले बिछोली गाँव में युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन डायल-100 ने अस्पताल पहुँचाकर जान बचाई। जिला भिंड के थाना पावई के अंतर्गत बिछोली गाँव में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। चिकित्सा वाहन व्यस्त होने के कारण उसे अस्पताल ले जाने हेतु पीड़ित के भाई के माध्यम से पुलिस सहायता की आवश्यकता होने की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 भोपाल में रविवार को प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर भिंड जिले के डायल 100 वाहन क्र. 17 को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल 100 एफ. आर. व्ही. मे तैनात आरक्षक वासुदेव सिंह और पायलेट विष्णु शर्मा ने मौके पर पहुँच कर बताया कि एक 27 वर्षीय युवक रामकरण ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश



भिण्ड। स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 1-15 सितंबर 2021 के तहत शाला में स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस क्रम में आज उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 भिंड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई की। सरस्वती मां के मंदिर में तथा खेल प्रांगण में साफ सफाई कर उसे गाजर घास एवम प्लास्टिक, पॉलिथीन मुक्त बनाया। हराभरा विद्यालय मुहिम के बीते रोज विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए है। अशोक और वोटल पाम के पौधे लगाये गए। स्वच्छता का संदेश देने के लिए संकल्प लेकर विद्यालय से शास्त्री तिराहा, हॉस्पिटल, खंडा रोड होकर परेड चौराहे तक स्वच्छता रैली निकाली।स्वयं सेवकों ने यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य पीएस चौहान एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में किया । जिसमें सभी वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे इस अवसर पर स्वयंसेवक शाहरुख खान, रानू चौधरी साक्षी राजावत, अदिति, मधु बंसल, पल्लवी, करिश्मा, अनुभा जैन, आर्यन बोहरे, सौरभ भदौरिया, स्वप्निल शर्मा, मोहम्मद समी, शीतल, सुप्रिया, तनिष्का, नेंसी श्रीवास, उदय प्रजापति, हर्ष शर्मा, शिवप्रताप, सचिन , प्राची , रौनक, शिवम, कुणाल तोमर, अनुज यादव आदि उपस्थित रहे।

## गौ रक्षा संगठन प्रमुख ने की तस्करों की घेराबंदी आहट पाकर भागे तस्कर संतोष चौहान ने कराया गायों को बंधन मुक्त



भिण्ड। लहार थाना अंतर्गत ग्राम बीजजपुरा के समीप खेतों में संभावित तस्कर लोग सैकड़ों की संख्या में तस्करी करने के लिए गोवंश को बंधक बनाए हुए थे रात्रि 12:00 बजे के लगभग गौरक्षा संगठन संतोष चौहान को जानकारी लगती है तो वह तत्काल तस्करों की घेराबंदी करने पहुंच जाते हैं और रात भर जाग कर तस्करों की लोकेशन लेने में लगे रहते हैं। तस्करों को घेरा बंदी की आहट लग जाती है जिसके चलते रात में गायों को ले जाने के लिए आने वाले कंटेनर अपना मूवमेंट बदल देते हैं। कुछ तस्कर घेराबंदी की आहट पाकर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग जाते हैं संतोष चौहान द्वारा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचना दी गई लेकिन प्रशासन की कोई प्रक्रिया नहीं हुई। संतोष चौहान द्वारा गायों को बंधन मुक्त करवाया गया संतोष चौहान के सक्रिय प्रयास के चलते बड़ी संख्या में गौ तस्करी होने से बच जाती है संतोष चौहान ने सभी किसान भाइयों से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि गायों के समुचित प्रबंध के लिए प्रशासन पर दबाव बनाए सरकार पर दबाव बनाएं अपनी पालतू गायों को दूध निकालने के बात आवारा ना छोड़े फसल सुरक्षा एवं गौ माता की सुरक्षा के साथ-साथ गौ माता की सुरक्षा का मानवीय धार्मिक कर्तव्य निभाएं।

## पूर्व मंत्री कालूखेड़ा की पुण्यतिथि पर सिंधिया फैंस क्लब के कार्यकर्ताओं ने फल वितरण



गोरमी। मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे एवं पूर्व सांसद राजनीति को जिसने सदैव समाज सेवा का माध्यम माना ऐसे महान कर्म योगी महेंद्र सिंह कालूखेड़ा की चौथी पुण्यतिथि पर गोरमी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिंधिया फैंस क्लब एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरण किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि स्वर्गीय कालूखेड़ा जी ने राजनीति को हमेशा गरीब असहाय शोषित पीड़ित मानवता की सेवा का एक माध्यम माना इस वजह से ही उनको मालवा का गांधी भी कहते हैं वो भले ही किस भी दल में रहे हो लेकिन इसमें कोई शक नही की वो एक लोकप्रिय जनप्रिय राजनेता थे। हमें खुशी है कि ऐसे महान कर्मयोगी की पुण्यतिथि सिंधिया फैंस क्लब द्वारा आज मनाई जा रही है इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक एवं सिंधिया फैंस क्लब के प्रदेश सचिव मोनू जैन ने कहा स्वर्गीय कालूखेड़ा की यादें हमें आज भी समाज सेवा के प्रेरणा देती हैं वह आमजन एवं कार्यकर्ता के सुख-दुख को समझते थे उनकी कमी आज भी हम लोगों को खलती है ऐसे महान नेता को हम शत-शत नमन करते हैं इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक सिंधिया फैंस क्लब के प्रदेश सचिव मोनू जैन, युवा नेता मोनू शर्मा, सोनू भदोरिया, दिनेश यादव, संजू भदौरिया, राहुल कटारे, रणवीर परमार, शिवम भदौरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मालनपुरवासी नगरपरिषद मालनपुर में परिवार आईडी करायें ट्रांसफार्मर

भिण्ड। नगरीय क्षेत्र मालनपुर के सभी नागरिकों को मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया ने अपील की है कि नगर परिषद मालनपुर का गठन हो चुका है नगरीय क्षेत्र मालनपुर में जो ग्राम पंचायत सम्मिलित हुए हैं उन ग्राम पंचायतों के आम लोगों की परिवार आई डी ग्राम पंचायत से नगरीय क्षेत्र में स्थानांतरित होना है । जिन लोगों की परिवार आई डी ट्रांसफर नहीं हुई है वह व्यक्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मालनपुर के नाम से आवेदन के साथ अपनी परिवार आई डी को जमा करा कर अपनी आई डी नगरीय क्षेत्र में स्थानांतरित कराकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## जैन संत उपाध्याय दयाऋषि गुरुदेव कठोर उपवास करके कर रहे दसलक्षण धर्म साधना

फूप। फूप कस्बे के पार्श्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बस्ती में उपाध्याय श्री 1008 दयाऋषि गुरुदेव का पावन वर्षा योग चल रहा है जैन के दस लक्षण पर्व दिनांक 10 सितम्बर 2021 से आरम्भ हो गये है। जिसमें उपाध्याय दयाऋषि गुरुदेव कठोर उपवास कर रह



साधना कर रहे है रविवार को दसलक्षण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म का था इन तीनों दिनों में गुरूदेव ने अन्न-जल का त्याग कर उपवास किया है। यह उपवास पर्व के आगामी दिनों में भी चलते रहेगें। मीडिया प्रभारी अमन जैन बताया है कि इन दसलक्षणपर्व के दिनों में पार्श्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बस्ती में धूमधाम से दयाऋषि गुरुदेव के पावन सान्धिय में जिनेन्द्र भगवान का पंचामर्त अभिषेक, शतिधारा, पूजन विधान सानंद संपन्न हो रहा है गुरूदेव ने धर्म सभा में भक्तों को संबोधित करते हुये कहा कि जैन धर्म में पर्यो एवं व्रतों की संख्या 250 से भी अधिक है ये व्रत उपवास मात्र भगवान को प्रसन्न करके भौतिक कामनाओं की पूर्ति के लिये नहीं बल्कि मोक्षरूपी अनन्त सुख को प्रदान करने वाले होते हैं, उपवास से देह ही नहीं अपितु आत्मा के विकार भी दूर हो जाते है। इस अवसर नैहनू जैन, अमन जैन, महेन्द्र जैन, विजय जैन, अजीत जैन, लल्लू जैन, लाईयां जैन धर्मेन्द्र जैन, अपप्पन जैन, सचिन जैन, भागचन्द्र जैन, मदनमोहन जैन, मुकेश जैन, रविसेन जैन, सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कोरोना काल के बाद पहली बार बौरेश्वर मंदिर और गौरी सरोवर पर लगा मौरछठ मेला, उमड़ी भीड़



भिण्ड। कोरोना काल के बाद पहली बार जिले के बौरेश्वर मंदिर और गौरी सरोवर पर मौरछठ मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहर से लेकर गांव-गांव से लोग ट्रैक्टर, टेम्पू सहित अपने निजी वाहन से मौर-मोरी सिराने के लिए पहुंचे। जिले के सबसे बड़े शिव मंदिर बौरेश्वरधाम परिसर पर रविवार को मौरछठ मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के अलावा बाहर से आए कई परिवार के सदस्यों ने मेला परिसर के तालाब में मौर को सिराए। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। वहीं दूसरी ओर शहर के ऐतिहासिक गौरी सरोवर के किनारे भी मौर छठ मेला मेला लगा। यहां भी महिलाओं ने सरोवर के पानी में मौर सिराकर महाकालेश्वर मंदिर में भगवान शंकर के दर्शन किए। मौरछठ मेले को लेकर इस बार जिला प्रशासन ने किसी तरह की महिलाओं की सुरक्षा की दृष्ट से पुलिस फोर्स भी बहुत ही न के बराबर नजर आया। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने भी इन दिन के लिए किसी तरह कर रूट चार्ट नहीं बनाया, जिसके चलते गौरी सरोवर से होते ही कई वाहन गुजरते नजर आये वहीं, वनखंडेश्वर मंदिर, खटीक खाने के पास, वीरेन्द्र वाटिका, जेल रोड आदि जगह दिनभर हर आधे घंटे में जाम लग रहा है जिसका मुख्य कारण गौरी सरोवर मोर-मोरी सिराने के लिए पहुंच रही महिलाओं की कतार, लहार चुंगी से लेकर गौरी सरोवर तक देखी गई, इधर शास्त्री चौराहे से लेकर खटीक खाने तक लंबे कतार लगी रही। आम राहगीरों वाहन वाहन लेकर शहर के अंदर से जहां से भी गुजरते वहीं जाम के हालात निर्मित हो रहे थे।

## भारत का मास्टर स्ट्रोक

शीर्ष स्तर पर 16 दिन चली सघन कूटनीति के सकारात्मक परिणाम के रूप में बुधवार को आखिर भारत ने अफगानिस्तान के पेचीदा मुद्दे पर अमेरिका और रूस को एक जमीन पर ला खड़ा किया। काबुल में तालिबान पर नकेल कसने, आतंकवाद के खिलाफ उनसे प्रतिबद्धता हासिल करने और कानून का शासन बहाल करने की चुनौती को साकार करने के भारतीय प्रयासों के तहत अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख विलियम बर्न्स और रूसी सुरक्षा परिषद के प्रमुख निकोलाई पत्रूशेव को एक साथ नई दिल्ली बुला लिया गया। इससे चीन और पाकिस्तान में खलबली मची हुई है, क्योंकि दोनों तालिबान के मददगार बने हुए हैं। भारत ने रूसी एनएसए निकोलाई पत्रूशेव की मुलाकातों का सिलसिला तो सार्वजनिक किया गया, लेकिन सीआईए चीफ का दौरा गुप्त रखा। इसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत के मास्टर स्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, सीआईए चीफ की भारत यात्रा को गोपनीयता के पर्दे में रखा गया। उनकी यात्रा की पुष्टि या खंडन करने को भी कोई सरकारी सूत्र तैयार नहीं हुआ, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के जवाहर भवन में विदेश मंत्रालय और साउथ ब्लॉक में प्रधानमंत्री कार्यालय की हलचलों और सिक्योरिटी सायरनों की आवाजों से उनकी मौजूदगी छिप नहीं पाई। पत्रूशेव की भारत यात्रा 24 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर हुई बातचीत के %फॉलोअप' के तौर पर हुई है। पत्रूशेव बुधवार को प्रधानमंत्री और एनएसए अजीत डोभाल से मिले। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकेन के बीच वार्ता से सीआईए की हाई प्रोफाइल टीम की भारत यात्रा का रोडमैप तैयार हुआ था। सीआईए प्रमुख का भारत दौरा अनायास नहीं रहा। मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका उस स्थिति से बेदाग निकलना चाहता है जो अफगानिस्तान से उसकी सेनाओं की वापसी की वजह से पैदा हुई है। तालिबान के कई गुटों पर अमेरिकी पकड़ है और रूस उसी का फायदा लेना चाहता है। अमेरिका चाहता है कि रूस के साथ संपर्क के लिए भारत %कंसल्टेशन ब्रिज' की भूमिका निभाता रहे। अफगानिस्तान में भारत ने आम जनता में व्यापक हमदर्दी जुटा रखी है और उसका इस्तेमाल ग्राउंड इंटेलीजेंस के तौर पर किया जाए। अफगानिस्तान में भविष्य के स्टेट स्ट्रक्चर के लिए अफगान लीडरशिप बचाकर रखनी है। अमेरिका चाहता है कि भारत कई उदीयमान नेताओं को राजनीतिक शरण दे। वहीं तालिबान का समर्थन कर चुके रूस का एजेंडा श्ह है कि तालिबान को हर हाल में आतंकवाद के ट्रैक से अलग रखा जाए, अफगानिस्तान से पलायन रुके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बनी सहमति को आगे बढ़ाते हुए रूसी सुरक्षा परिषद प्रमुख और एनएसए अजीत डोभाल के बीच जिन मुद्दों पर फोकस किया गया, उनमें अफगानिस्तान में तालिबान एंटी टेरर ट्रैक पर ही रहे। माइग्रेशन पर काबू पाया जाए और इसके लिए सबसे जरूरी है कि अफगानिस्तान में कानून का शासन बहाल हो। ड्रग ट्रैफिकिंग नेटवर्क को निष्क्रिय किया जाए जिसका अड्डा अफगानिस्तान बन गया है। अब सवाल यह है कि भारत, अमेरिका और रूस जिस लक्ष्य को पाने मंथन कर रहे हैं, वह पूरा कैसे होगा। लक्ष्य को हासिल करने कुछ बातों पर गौर करना होगा, जिनमें स्पेशल सर्विसेज यानी खुफिया और सैन्य नेटवर्क के बीच को-ऑर्डिनेशन हो। अफगानिस्तान के जिरगों के बीच संवाद के लिए वार्ता हो जिसकी मेजबानी किसी तीसरे देश में हो।

# जैन धर्म में सभी पर्वों का राजा है पर्युषण पर्व

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

**दसलक्षण पर्व उत्तम क्षमा (10 सितम्बर 2021)**

यह सभी पर्वों का राजा है। इसे आत्मशोधन का पर्व भी कहा गया है, जिसमें तप कर कर्मों की निर्जरा कर अपनी काया को निर्मल बनाया जा सकता है। पर्युषण पर्व को आध्यात्मिक दीवाली की भी संज्ञा दी गई है।

दुनिया के सबसे प्राचीन धर्म जैन धर्म को श्रमणों का धर्म कहा जाता है। जैन धर्म का संस्थापक ऋषभ देव को माना जाता है, जो जैन धर्म के पहले तीर्थंकर थे और भारत के चक्रवर्ती सम्राट भरत के पिता थे। वेदों में प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ का उल्लेख मिलता है। जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए हैं। तीर्थंकर अर्हंतों में से ही होते हैं। जैन संस्कृति में जितने भी पर्व व त्योहार मनाए जाते हैं, लगभग सभी में तप एवं साधना का विशेष महत्व है। जैनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है पर्युषण पर्व। पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है- आत्मा में अवस्थित होना। पर्युषण का एक अर्थ है- कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण-पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। जिस तरह दीवाली पर व्यापारी अपने संपूर्ण वर्ष का आय-व्यय का पूरा हिसाब करते हैं, गृहस्थ अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं, ठीक उसी तरह पर्युषण पर्व के आने पर जैन धर्म को मानने वाले लोग अपने वर्ष भर के पुण्य पाप का पूरा हिसाब करते हैं। वे अपनी आत्मा पर लगे कर्म रूपी मैल की साफ-सफाई करते हैं। पर्युषण महापर्व मात्र जैनों का पर्व नहीं है, यह एक सार्वभौम पर्व है। पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट पर्व है, क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना की जाती है। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है। पर्युषण आत्म जागरण का संदेश देता है और हमारी सोई हुई आत्मा को जगाता है। यह आत्मा द्वारा आत्मा को पहचानने की शक्ति देता है। पर्युषण पर्व जैन धर्मावलंबियों का आध्यात्मिक त्योहार है। पर्व शुरू होने के साथ ही ऐसा लगता है मानो किसी ने दस धर्मों की माला बना दी हो। यह पर्व मैत्री और शांति का पर्व है। जैन धर्मावलंबी भाद्रपद मास में पर्यूषण पर्व मनाते हैं। श्वेताम्बर संप्रदाय के पर्यूषण 8 दिन चलते हैं। उसके बाद दिगंबर संप्रदाय वाले 10 दिन तक पर्यूषण मनाते हैं। उन्हें वे दसलक्षण के नाम से भी संबोधित करते हैं। यह पर्व अपने आप में ही क्षमा का पर्व है। इसलिए जिस किसी से भी आपका बैरभाव है, उससे शुद्ध हृदय से क्षमा मांग कर मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। भारतीय संस्कृति का मूल आधार तप, त्याग और संयम हैं। संसार के सारे तीर्थ जिस प्रकार समुद्र में समाहित हो जाते हैं, उसी प्रकार दुनिया भर के संयम, सदाचार एवं शील ब्रह्मचर्य में समाहित हो जाते हैं। मानव की सोई हुई अन्तः चेतना को जागृत करने, आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचार, सामाजिक सद्भावना एवं सर्व धर्म समभाव के कथन को बल प्रदान करने के लिए पर्यूषण पर्व मनाया जाता है। साथ ही यह पर्व सिखाता है कि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि की प्राप्ति में ज्ञान व भक्ति के साथ सद्भावना का होना भी अनिवार्य है। जैन धर्म में दस दिवसीय पर्युषण पर्व एक ऐसा पर्व है जो उत्तम क्षमा से प्रारंभ होता है और क्षमा वाणी पर ही उसका समापन होता है। क्षमा वाणी शब्द का सीधा अर्थ है कि व्यक्ति और उसकी वाणी में क्रोध, बैर, अभिमान, कपट व लोभ न हो। दशलक्षण पर्व, जैन धर्म का प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण पर्व है। दशलक्षण पर्व संयम और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। दशलक्षण पर्व साल में तीन बार मनाया जाता है लेकिन मुख्य रूप से यह पर्व भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से लेकर चतुर्दशी तक मनाया जाता है।इन दस लक्षणों का पालन करने हेतु जैन धर्म में साल में तीन बार दसलक्षण पर्व मनाया जाता है।

**चैत्र शुक्ल 5 से 14 तक**
**भाद्र शुक्ल 5 से 14 तक और**
**माघ शुक्ल 5 से 14 तक।**

भाद्रपद महीने में आने वाले दशलक्षण पर्व को लोगों द्वारा ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। इन दस दिनों



में श्रावक अपनी शक्ति अनुसार व्रत-उपवास आदि करते है। ज्यादा से ज्यादा समय भगवन की पूजा-अर्चना में व्यतीत किया जाता है।

जैन धर्म के दस लक्षण होते है। जैन धर्म के दस लक्षण इस प्रकार है–

1) उत्तम क्षमा, 2) उत्तम मार्दव, 3) उत्तम आर्जव, 4) उत्तम शौच, 5) उत्तम सत्य, 6) उत्तम संयम, 7) उत्तम तप,8) उत्तम त्याग, 9) उत्तम अकिंचन्य, 10) उत्तम ब्रहमचर्य।

कहते हैं जो इन दस लक्षणों का अच्छी तरह से पालन कर ले उसे इस संसार से मुक्ति मिल सकती है। पर सांसारिक जीवन का निर्वाह करने में हर समय इन नियमों का पालन करना मुश्किल हो जाता है और बहुत शुभ और अशुभ कर्मों का बन्ध हो जाता है। इन कर्मो का प्रक्षालन करने के लिए श्रावक उत्तम क्षमा आदि धर्मों का पालन करते है। दशलक्षण पर्व में जैन धर्म के साधक अपने मुख्य दस लक्षणों को जागृत करने की कोशिश करते हैं। जैन धर्मानुसार दस लक्षणों का पालन करने से मनुष्य को इस संसार से मुक्ति मिल सकती है। संयम और आत्मशुद्धि के इस पवित्र त्यौहार पर श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक व्रत-उपवास रखते हैं। मंदिरों को भव्यतापूर्वक सजाते हैं तथा भगवान महावीर का अभिषेक कर विशाल शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं। इस दौरान जैन व्रती कठिन नियमों का पालन भी करते हैं जैसे बाहर का खाना पूर्णतः वर्जित होता है, दिन में केवल एक समय ही भोजन करना आदि। पर्युषण पर्व की समाप्ति पर जैन धर्मावलंबी अपने यहां पर क्षमा की विजय पताका फहराते हैं और फिर उसी मार्ग पर चलकर अपने अगले भव को सुधारने का प्रयत्न करते हैं। आइए! हम सभी अपने राग-द्वेष और कषायों को त्याग कर भगवान महावीर के दिखाए मार्ग पर चलकर विश्व में अहिंसा और शांति का ध्वज फैलाएं। क्षमा करें और कराएं।

उत्तम छिमा मरदाव आरजव भाव है,
सत्य शौच संयम तप त्याग उपाव हैं
आकिंचन ब्रह्मचर्य धरम दश सार हैं,
चहुँगति दुखते काढि मुक्ति करतार हैं

ह्रीं उत्तम-क्षमा-मार्दव-आर्जव-शौच-सत्य-संयम-तप-त्याग-आकिंचन-ब्रह्मचर्य-आदि-दशलक्षण-धर्माय ! अत्र अवतर अवतर संवौषट ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट !

भाद्रमाह के सुद पंचमी से दिगंबर जैन समाज के दसलक्षण पर्व शुरू होते हैं! यह पहला दिन होता है, इस दिन ऋषि पंचमी के रूप में भी मनाया जाता है॥

(क) हम उनसे क्षमा मांगते हैं, जिनके साथ हमने बुरा व्यवहार किया हो और उन्हें क्षमा करते हैं, जिन्होंने हमारे साथ बुरा व्यवहार किया हो॥

सिर्फ इन्सानों के लिए ही नहीं, बल्कि हर एक- इन्द्रिय से पांच- इन्द्रिय जीवों के प्रति, भी ऐसा ही क्षमा-भाव रखते हैं ॥

(ख) उत्तम क्षमा धर्म हमारी आत्मा को सही राह खोजने में और क्षमा को जीवन और व्यवहार में लाना सिखाता है!

जिससे सम्यक दर्शन प्राप्त होता है ॥

सम्यक दर्शन वो चीज है, जो आत्मा को कठोर तप त्याग की कुछ समय की यातना सहन करके परम आनंद मोक्ष को पाने का प्रथम मार्ग है ॥

सबको क्षमा – सबसे क्षमा ॥

पीडे दुष्ट अनेक, बांध मार बहुविधि करें 7

धरिये छिमा विवेक, कोप न कीजे पीतमा 77

उत्तम छिमा गहो रे भाई, इह-भव जस पर-भव सुखदाई 7

गाली सुनि मन खेद न आनो, गुन को औगुन कहैं अयानो।

## क्या हैं आध्यात्मिक होने का अर्थ

यह प्रश्न किसी भी जिज्ञासु के मन में उठ सकता है कि हमें ठीक-ठीक ऐसा क्या करना चाहिए ताकि वह जो परम है, जो परमेश्वर है, वह मेरे जीवन में घटित हो सके? सदगुरु इसका उत्तर देते हैं कि अध्यात्म भीगी बिल्लियों के लिए नहीं है, क्या तुम समझ रहे हो? तुम अपने जीवन में और कुछ भी नहीं कर सकते हो, लेकिन सोचते हो कि मैं आध्यात्मिक हो सकता हूँ, ऐसा नहीं है। अगर तुम इस संसार के किसी भी काम को अपने हाथ में लेकर कर सकते हो, फिर तुम्हारे आध्यात्मिक होने की एक संभावना पैदा हो सकती है, अन्यथा नहीं। अगर तुम्हारे पास इस संसार के किसी भी काम को लेकर और अच्छी तरह से करने की शक्ति और साहस है, तब तुम संभवतः आध्यात्मिक हो सकते हो। यह उन लोगों के लिए नहीं है, जो कुछ भी नहीं कर सकते। अभी, पूरे देश के मन में यही बैठा हुआ है, संभवतः पूरे संसार के मन में, कि वे निकम्मे और नालायक लोग, आध्यात्मिक लोग होते हैं, क्योंकि वे तथाकथित आध्यात्मिक लोग वैसे ही हो गए हैं। वे लोग जो किसी भी चीज को करने के लायक नहीं हैं, वे बस यही करते हैं कि एक गेरुआ वस्त्र पहन कर और किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं; उनका जीवन सँवर जाता है। यह अध्यात्म नहीं है, यह वर्दी पहनकर बस भीख माँगना है। अगर तुम्हें अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, अगर तुम्हें अपनी चेतना के शिखर पर पहुँचना है, वहाँ एक भिखारी कभी नहीं पहुँच सकता। दो तरह के भिखारी होते हैं। गौतम बुद्ध तथा उस स्तर के लोग उच्चतम श्रेणी के भिखारी हैं। दूसरे सभी निपट भिखारी हैं। मैं तो कहूँगा कि एक सड़क का भिखारी तथा राजगद्दी पर बैठा हुआ एक राजा, दोनों ही भिखारी हैं। वे निरन्तर बाहर से कुछ माँग रहे होते हैं।

## विलुप्त होता शिक्षक धर्म

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

शिक्षा /ज्ञान एक ऐसा दीपक हैं जिसके द्वारा कभी अन्धकार नहीं मिलता या होता .ज्ञान रुपी प्रकाश से अज्ञानता विलीन होती हैं .शिक्षा /ज्ञान का महत्व हर युग मैं बहुत रहा हैं और रहता हैं .इसलिए ज्ञान के देवी सरस्वस्ती पूज्यनीय हैं ,पहले ज्ञान प्राप्त करने गुरुकुल मैं जाकर ज्ञान प्राप्त किया जाता था .चाहे सामान्य विद्यार्थी हो या राजकुमार हो ,इसके उदाहरण राम आदि चारो भाई ,पांडव कौरव आदि सभी और भगवान् श्री कृष्ण को उज्जैन के सांदीपनि आश्रम मैं रहकर शिक्षा लेनी पडी थी .ज्ञान याचना का विषय रहा जिसके लिए विद्यार्थी या उनके पालक पहले गुरु से आज्ञा लेकर प्रवेश दिलाते थे गुरुकुल परंपरा बहुत प्राचीन और बहुत समय तक चली उसमे गुरु यानी जो अँधेरे से उजाले को ओर ले जाए उसे गुरु कहते हैं .गुरु यानी ज्ञान आदि मैं भारी मतलब अनेक विषयों का ज्ञाता .गुरुकुल मैं प्रवेश की शुरुआत बाल्यावस्था से शुरू होती थी जो युवावस्था तक चलती थे .उस दौरान छात्र या विद्यार्थी को स्वयं अपने आप से गृह कार्य ,शिक्षा का कार्य और गुरु के उपदेशों का पालन करना पड़ता था .उस दौरान सामाजिक ,व्यवहारिक .नैतिक ,राजनीति ,नीतिशास्त्रों का अध्ययन करना अनिवार्य था उसके अलावा शिक्षा का भी पाठ्यक्रम पढ़ना पड़ता था .यह क्रम अठारहवीं शताब्दी तक भारत वर्ष मैं चला अंग्रेजी की गुलामी के समय उन्होंने यह अध्ययन किया की इस देश मैं गुरुकुल पद्धति से शिक्षा मिलने से अधिक समय तक गुलाम नहीं बना सकते .इसके लिए गुरुकुल पद्धति को समापत कर कॉन्वेंट और अंग्रेजी माधयम से शिक्षा ,अध्ययन अध्यापन का कार्य शुरू किया और गुरु के स्थान पर टीचर /शिक्षक बनाना शुरू किया।



अंग्रेजी संस्कृति के कारण देशवासी पुरानी ज्ञान, शिक्षापद्धति की छोड़कर अंग्रेजियत के रंग मैं ढल गए या चुके .उनकी शिक्षा पद्धत्ति से देश मैं सुधार हुआ और उनके द्वारा शिक्षित लोगों के कारण गुलामी के विरुद्ध बिगुल बजे और आंदोलन हुए .इस युग मैं अंग्रेजी का बोलबाला बहुत बढ़ा .कुछ लोगों ने जैसे महात्मा गाँधी आदि ने विरोध भी किया पर अंग्रेजी भाषा के प्रभाव से पूरा देश ढल गया .शिक्षा का तरीका अंग्रेजी भाषा मैं होने से वे शिक्षक /टीचर बनना शुरू हुए .यहाँ तक तो बात ठीक चल रही थी पर अब कोचिंग संस्कृति ने शिक्षक या टीचर की मर्यादाऔर नष्ट करदी .

पहले सरकारी स्कूल कॉलेज ही शिक्षा के संस्थान रहते थे .उसी के माध्यम से सभी नेता अभिनेता ,डॉक्टर ,वैज्ञानिक, टीचर ,वकील इंजीनियर बने थे .पर विगत पचास वर्षों में जो शिक्षा एक सेवा थी उसने व्यवसाय का रूप धारण किया .पहले टीचर /शिक्षक को गुरु रूप मैं प्रतिस्थापित करते थे जब से व्यवसाय बना उनकी प्रतिष्ठा गिरने लगी कारण जब पैसा दे रहे हैं पालक-- विद्यार्थी तो उन्हें वे सेवक के रूप मैं देखने लगे .पहले टुएशन उनको दी जाती थी जो छात्र कमंजोर होते थे और छात्र --समाज हिकारत की नजर से देखते थे .आजकल कोचिंग ज्ञानवान बनाने का सर्वोत्तम साधन मान्य किया जा रहा हैं पर उनमे सक्षम वर्ग ही जा पाता हैं कारण वे इतने महंगे और लम्बे समय ज्ञान उड़ेलने या थोपने का काम करते हैं की वह मन मष्तिष्क मैं पैठ /जमा नहीं हो पता .कुछ बिरले ही पारंगत /प्रवीण होकर सफल हो पाते हैं .प्राइवेट कॉलेज और स्कूलों ने शिक्षा स्तर गिराया दिया .प्राइवेट कॉलेज डिग्री बांटने की फैक्ट्री बन गयी हैं .उनको धन /फीस से मतलब होता हैं और डिग्री दिलाने की शर्त पूरी करते हैं .ज्ञान शून्य होता हैं जैसे इंजिनीरिंग ,बीएड ,अन्य कोर्स आदि .आज सरकारी ,.गैर सरकारी ,संविदा ,दैनिक भोगी आदि किस्म किस्म के शिक्षक ,टीचर ,प्रोफेसर ,व्याख्याता कार्यरत हैं .सरकारी व्यवस्था मैं स्कूली कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर बहुत अच्छा वेतनमान हैं पर वहां गुणवत्ता का आभाव होने लगा और निजी संस्थानों मैं शोषण किया जाता हैं जैसे कम वेतन देना अधिकतम कार्य संपादन कराना .उदाहरण स्वरुप एक निजी स्कूल मैं एक शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहा था की गंगा नदी अमरकंटक से निकलती हैं !इस पर प्रधानाचार्य बोले ये गलत पढ़ा रहे हो .गंगा गंगोत्री से निकलती हैं।

# सदचरित्र के विकास हेतु अच्छे बाल साहित्य की आवश्यकता


**सूडोकु नवताल- 5831**

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5830 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |


**भूषण श्रीवास्तव विदग्ध**

चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की भूमिका निर्विवाद है . बाल कवितायें जीवन पर्यंत स्मरण में रहती हैं व किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में पथ प्रदर्शन करती हैं . बचपन में पढ़ी गई कहानियां अवचेतन में ही व्यक्तित्व बनाती हैं . बाल कथा के नायक बच्चे के संस्कार गढ़ते हैं . बच्चे ही नही बड़े भी बाल साहित्य पढ़ते हैं तो पूरी कहानी पढ़कर ही उठ पाते हैं . क्योंकि बाल साहित्य रोचक , सरल शब्दों में अभिव्यक्त होता है .

सभी धर्मो का उद्धेश्य मानव कल्याण है . प्रत्येक व्यक्ति के समाज में अन्य लोगों से विविधता से भरे संबंध होते है . सामाजिक व्यवहारो में सरलता शांति और सुख के लिये ही नीति नियमो का निर्धारण किया गया है . आदर्श संबंधो में व्यवहार ही मर्यादाये है . मर्यादाओ के पालन से ही सामाजिक व्यवस्था सुचारू बनी रहती है . हर व्यक्ति के मन को प्रसन्नता तथा आनंद मिलता है इसलिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा इनका पालन करना आवश्यक है . इसी उद्धेश्य से परिवारो में बच्चो को सदा ही धार्मिक शिक्षा दी जाती रही है. सामाजिक व्यवहार की नैतिक शिक्षा का सबसे सुंदर और आदर्श ग्रंथ रामचरितमानस है .

महात्मा गांधी की कल्पना थी कि स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भारत में रामराज्य की स्थापना हो . राम राज्य में किसी भी व्यक्ति को शारीरिक , आर्थिक , या मानसिक कोई दुख नहीं था . सभी सब प्रकार से सुखी थे . ÷दैहिक दैविक भौतिक तापा रामराज्य काहुहि नहि व्यापा÷ . इसका कारण यह था कि सबमें



परस्पर प्रीति थी और सभी सदाचारी थे . नीति नियमो का व्यवहारो में सबके द्वारा सदा पालन किया जाता था .

आज स्वतंत्र भारत में हमारे समाज की दशा किंचित विपरीत है . समाचारो में आये दिन जो घटनाये सुनने में आती है उनमे अनैतिकता, अनाचार, भ्रष्टाचार अधिक होता है . समाज दुखी है और व्यक्ति अशांत है . सामान्यतः सबमे स्वार्थ ,अर्थ लोलुपता और मानसिक असंतोष व्याप्त है . धार्मिक आस्था का लोप दिखता है . इससे अत्मानुशासन समाप्त हो गया है . व्यवहार में सत्यता और सदाचार की कमी दृष्टिगोचर हो रही है. जन सामान्य के आचरण में बहुतायत में अनैतिकता ही प्रधानता से दिखाई देती है.

हर धर्म बुराइयो को आत्म संयम से जीतना सिखाता है. अनुशासन सिखाता है . सत्य और प्रेमपूर्ण व्यवहार से समाज की उन्नति हो सकती है . रामराज्य जैसा वातावरण बन सकता है . आत्मनुशासन के बिना न तो व्यक्ति सुखी हो सकता है न ही समाज उन्नत और समृद्ध हो सकता है . जो कार्य पोलिस और न्यायालय नही कर सकते वह कार्य आत्मनुशासन से सरलता से हो सकता है . चरित्र में आत्मानुशासन के विकास हेतु सही बाल साहित्य की आवश्यकता स्पष्ट है . बचपन से ही नैतिकता की शिक्षा मिलनी चाहिये . हर बच्चे को नैतिकतापूर्ण सामाजिक वातावरण में विकसित होने का अवसर दिया जाना चाहिये . सुयोग्य अनुशासित नागरिक तैयार करने को कम से कम पच्चीस वर्षो की सुशिक्षा तथा प्रशिक्षण चाहिये . आजादी के उपरांत भारत में शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा नहीं किया जा सका इसी के दुष्परिणाम के रूप में आज का समाज अनैतिक आचरण करता जा रहा है .

नैतिक, चरित्रवान, कर्मनिष्ठ समाज तैयार करने के लिये सही शिक्षा की आवश्यकता है . शालाओं और परिवार दोनो की बच्चो में सही गुणो के विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है . वर्तमान में जो आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियां हैं वे इस दिशा में परिवर्तन चाहती हैं . सबके सही व्यक्तित्व के निर्माण की आवश्यकता है . राष्ट्रीय चरित्र में इसी से स्थाई सुधार संभव होगा . आत्म अनुशासन ही समाज में स्थाई सुख और शांति का श्रोत है . समाज में नैतिकता का सम्मान अतिआवश्यक है , और यह सब ऐसे बाल साहित्य जरूरत प्रतिपादित करता है जो शिशु शिक्षा से प्रारंभ व्यक्तित्व निर्माण , किशोर , युवा , व इस तरह आत्म अनुशासित पीढ़ी का विकास कर सके।

## उत्तम शौच - चक्कर लोभ और लाभ का।

**विजय कुमार जैन**

साफ और स्वच्छ दर्पण में उभरने वाला प्रतिबिम्ब स्वच्छ होता है। दर्पण के मलिन होने पर उसमें हमारी स्वच्छ छवि प्रतिबिम्बित नहीं होती। शान्त और स्वच्छ जल में हम अपना प्रतिबिम्ब देख सकते हैं, उसका अनुमान कर सकते हैं, लेकिन गन्दा जल हमारे किसी काम का नहीं। वैसे ही गन्दा मन भी हमारे किसी काम का नहीं। जीवन को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए स्वच्छता व सफाई जरूरी है। इसी सफाई का नाम शौच धर्म। ''शुचेर्भावं शौचम्'' शुचिता के भाव को शौच कहते हैं। आत्मा की विशुद्धि के लिए चित्त के दर्पण की स्वच्छता जरूरी है।

पवित्रता अपेक्षित है, स्वच्छता होनी चाहिए। बाहर की स्वच्छता का हम दिन-रात ध्यान रखते हैं। अपने शरीर की स्वच्छता में पूर्णतः जुटे रहते हैं। हर क्षण उसके साज-सम्हाल में तत्पर रहते हैं, लेकिन बाहर की सफाई, सफाई नहीं, मन की सफाई ही सबसे बड़ी सफाई है। तन को नहीं, मन को साफ करो, हमने आज तक तन को साफ किया है, मन अछूता रहा है। शौच धर्म मन को परिमार्जित करने का धर्म है। इच्छा कभी तृप्त नहीं होती, किन्तु कोई मनुष्य उसे त्याग दे तो वह उसी क्षण पूर्णता को प्राप्त कर लेता है। इच्छायें आकाश के समान अनन्त हैं। इच्छाओं को कोई कितनी भी पूरी करने की कोशिश करे, वे कभी पूरी नहीं होती है। कुछ करना ही है तो इच्छा पूर्ति का एक ही मार्ग है संतोष। यदि संतोष आपको प्राप्त हो जाये, तो संभव है धर्म की ओर आपकी कुछ प्रवृत्ति हो सके। अन्यथा आपकी ये सब योजनायें आपके साथ ही जायेगी। आपाधापी के इस युग में हर व्यक्ति धन का दीवाना बना हुआ है। आज के सामाजिक मूल्य भी अर्थप्रधान बन गये हैं। आज के संदर्भ में यह कहा जाता है कि अर्थ है, तो कुछ अर्थ है, अन्यथा सब व्यर्थ है। इसी अर्थ की लिप्सा में वह न जाने कितना अनर्थ कर डालता है। अर्थ के लोभी मनुष्य को उचित-अनुचित, अच्छे-बुरे का कुछ भान नहीं होता। धन भाईयों के हृदय में घ्रणा पैदा कर देता है, धन परिवारों में विवाद उत्पन्न कर देता है, धन मित्रों को अलग-अलग कर देता है और गृह युद्धों का जनक भी धन है। धन संपदा से महत्वपूर्ण जीवन है। संतों ने कहा है ''जड़ धन की नहीं जीवन धन की चिंता करो''।

गरीब वही है जिसके अंदर तृष्णा है। धन के अभाव में भी व्यक्ति के मन में यदि संतोष है तो वह सुखी रह सकता है। गरीबी नहीं तृष्णा दुष्कर्मों की जननी है। मनुष्य पाप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये नहीं करता। पाप का कारण उसके मन में पल रही आकांक्षाऐं और तृष्णा है। हर मनुष्य जानता है कि धन सम्पदा उसके साथ जाने वाली नहीं है।

# लिपस्टिक से जुड़े इन भ्रमों को सही मानती हैं महिलाएं, जानिए इनकी सच्चाई



लिपस्टिक न सिर्फ होंठों को रंगने का काम करती है, बल्कि इनसे होठों की त्वचा भी प्रभावित होती है और इसी कारण हमेशा अच्छी क्वालिटी की लिपस्टिक लगाने की सलाह दी जाती है। हालांकि होंठों की देखभाल करने के चक्कर में महिलाएं लिपस्टिक से जुड़े कई भ्रमों पर भी बिना सोचे-समझे भरोसा करने लगती हैं। आज हम आपको लिपस्टिक से जुड़े ऐसे ही कुछ भ्रमों और उनकी सच्चाई बताने जा रहे हैं।

### भ्रम- लिपस्टिक से होंठ हो जाएंगे डार्क

लिपस्टिक से जुड़ा एक भ्रम यह है कि इसके इस्तेमाल से से होंठ डार्क हो जाते हैं, लेकिन ये सच नहीं है। कुछ लिपस्टिक जरूर महिलाओं के होंठों पर दाग का कारण बन सकती हैं, लेकिन अगर महिलाएं हर दिन होठों को अच्छे से साफ करें तो डार्क होंठों की समस्या नहीं होनी चाहिए। वैसे काले होंठ आनुवंशिक या ध्रूमपान, सन डैमेज या फिर होंठों को मॉइस्चराइज न करने जैसे अन्य कारणों की वजह से भी हो सकते हैं।

### भ्रम- लिपस्टिक होंठों को रूखा बनाती है

शायद यह सबसे आम भ्रम है कि लिपस्टिक होंठों को रूखा बनाती है, लेकिन यह बात सच से कोसों दूर है। जिन महिलाओं को ठीक से लिपस्टिक अप्लाई करना नहीं आता, उन्हें अक्सर इस समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर लिपस्टिक को अप्लाई करने से पहले होंठों को एक्सफोलिएट करके लिपबाम अप्लाई किया जाए तो इससे लिपस्टिक और होंठों के बीच में एक बैरियर बन जाता है जिससे होंठ रूखे नहीं होते।

### भ्रम- रेड लिपस्टिक सिर्फ फेयर स्किन टोन पर अच्छी लगती है

बहुत सी महिलाओं का ऐसा मानना है कि रेड लिपस्टिक सिर्फ फेयर स्किन टोन पर अच्छी लगती है, जबकि यह पूरी तरह से एक भ्रम है। महिलाओं की स्किन टोन चाहे जो भी हो, लेकिन होंठों पर लगी रेड लिपस्टिक उनके लुक को खूबसूरत बनाती है। दरअसल, मार्केट में रेड लिपस्टिक के कई शेड्स उपलब्ध हैं, इसलिए यह जरूरी है कि आप अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए रेड लिपस्टिक का शेड चुनें।

### भ्रम- लिपस्टिक लगाने से पहले हमेशा अपने होंठों पर लिप पेंसिल लगाएं

यह भी सिर्फ एक भ्रम के अलावा और कुछ नहीं है क्योंकि अगर महिलाएं लिप पेंसिल को पहले होंठों पर अप्लाई करती हैं तो इससे बाद में लिपस्टिक हटाने पर होंठों के चारों ओर रिंग्स नजर आते हैं जो देखने में बेहद भद्दे लगते हैं। इसलिए पहले अपनी लिपस्टिक लगाएं और फिर अपने होंठों की लाइन पर लिप पेंसिल फेरे या फिर लिप पेंसिल का उपयोग ही न करें।

## संजय लीला भंसाली सलमान के बिना आलिया भट्ट को साथ लेकर बनाएंगे इंशाअल्लाह



संजय लीला भंसाली बॉलीवुड के महान फिल्म निर्देशक हैं। वह काफी समय से अपनी फिल्म इंशाअल्लाह को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। भंसाली की इस फिल्म में आलिया भट्ट और सलमान खान मुख्य भूमिका में दिखने वाले थे। सलमान के फिल्म से बाहर होने के बाद यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि भंसाली सलमान के बिना आलिया को साथ लेकर इंशाअल्लाह के प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भंसाली सलमान के बिना आलिया को साथ लेकर फिल्म इंशाअल्लाह के प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित करेंगे। एक सूत्र ने कहा, सलमान के साथ इंशाअल्लाह बनाने की कोशिश के कटु अनुभवों के बाद भंसाली सलमान के साथ फिर से काम नहीं करेंगे। हालांकि, वह आलिया के साथ फिल्म बनाना चाहते हैं। इस बार किसी और पुरुष अभिनेता को इस फिल्म में कास्ट किया जाएगा। सूत्र का कहना है कि फिलहाल फिल्म में पुरुष अभिनेता कौन होगा, इस पर टिप्पणी करना हवा में तीर मारना होगा। सलमान के हटने के बाद इस फिल्म से शाहरुख का नाम जुड़ा था। हालांकि, सूत्र का मानना है कि शाहरुख इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि वह पहले ही आलिया के साथ फिल्म डियर जिंदगी में काम कर चुके हैं। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन गौरी शिंदे ने किया था।

खबरों की मानें तो आलिया की इंशाअल्लाह में अजय देवगन को पुरुष अभिनेता के तौर पर कास्ट किया जा सकता है। वह भंसाली की एक अन्य फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में कैमियो की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आलिया लीड रोल में दिखने वाली हैं। खबर है कि फिल्म इंशाअल्लाह की पटकथा सलमान के हिसाब से लिखी गई थी, इसलिए इसे पर्दे पर निभाने के लिए कोई 50 साल से ज्यादा उम्र का कलाकार ही उपयुक्त हो सकता है।

भंसाली के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। बहुत जल्द आने वाले दिनों में उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी रिलीज हो सकती है। फिल्म में आलिया मुख्य भूमिका में दिखेंगी। भंसाली अपनी फिल्म बैजू बावरा को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे।

# अनीता हसनंदानी ने मालदीव वेकेशन से शेयर की अपनी ग्लैमरस तस्वीरें, तेजी से हो रही वायरल



इन दिनों टीवी की मशहूर एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी अपना मदरहुड एंजॉय कर रही हैं। हालांकि इसी बीच एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड फोटो शेयर करने की वजह खबरों में हैं। इस तस्वीरों अनीता ब्लैक बिकिनी में नजर आ रही हैं। बिकिनी पर एक्ट्रेस ने ग्रे कलर का शर्ग कैरी किया हुआ है। इस लुक और भी कूल बनाने के लिए अनीता ने सिर पर बीच कैप पहनी हुई हैं जिसमे वो काफी हॉट लुक दे रही हैं।उनकी बोल्ड अदा को देखकर उनके चाहने वाले लट्टू हुए जा रहे हैं। लुक की बात करें तो वह सिंपल लुक और खुले बालों में हैट लगाए हुए बीच पर पोज देती हुई दिख रही हैं। अनिता इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखती हैं, डियर सेल्फ, मुझे पता है कि आप अपना बेस्ट दे रहे हैं, मुझे तुम पर विश्वास है...चलते रहे, लव मी एक्सओ वियरिंग। अनिता के इस फोटो पर उनकी ऑनस्कीन बेटी यानि ये हैं मोहब्बतें की फेम रुहानिका धवन ने रेड हॉर्ट शेयर कर उनकी फोटो को लाइक किया है। वहीं रिद्धिमा पंडित ने रिस्पॉन्स किया है। आपको बता दें कि अनीता इन दिनों अपने पति और बेटे के संग मालदीव वेकेशन पर हैं। जहां से वह अपनी ग्लैमरस और बोल्ड फोटो शेयर इंस्टाग्राम का टेंपरेचर बढ़ा रही हैं। अनिता एक सोशल मीडिया लवर हैं। वह हमेशा ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रही हैं। वह इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी सेक्सी हॉट फोटो वीडियो शेयर करती रहती है। 40 साल की अनिता टीवी की चर्चित सेलेब्रेटी हैं। उन्होंने टीवी की दुनिया में हर तरह के किरादर निभाए हैं। उन्हें नेगेटिव किरदार से लेकर संस्कारी बहु जैसे रोल में देखा गया है, वो अपने हर अंदाज में कमला लगी हैं।

# मल्लिका शेरावत, ईशा गुप्ता ने नाकाब से अपने किरदारों का खुलासा

वेब सीरीज नाकाब का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। यह सौमिक सेन द्वारा निर्देशित एक खोजी थ्रिलर सीरीज है और इसमें मल्लिका शेरावत, ईशा गुप्ता और गौतम रोडे मुख्य भूमिका में हैं। अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, मल्लिका ने कहा कि यह सीरीज एक ग्लैमरस उद्योग की छिपी बारीकियों की जांच करती है। मैं जोहरा की भूमिका निभा रही हूं, जो मीडिया उद्योग के शीर्ष पर एक प्रेरक एकल महिला है, लेकिन उसका चरित्र रहस्यमय है। नाकाब में अपराध, नाटक, रहस्य और घोटाले हैं और यह एक पूर्ण मनोरंजन से भरी सीरीज है।



शो में, पुलिस अदिति आमरे (ईशा गुप्ता) को एक प्राइम-टाइम टेलीविजन अभिनेत्री विभा दत्ता (अंकिता चक्रवर्ती) की हाई-प्रोफाइल मौत का मामला सौंपा जाता है, जो टेलीविजन की जरीना जोहरा मेहरा (मल्लिका शेरावत) के बहुत करीब थी। अदिति का नीरस जीवन उल्टा हो जाता है जब वह मामले के बारे में जटिल विवरण प्रकट करना शुरू करती है। जैसे ही अदिति अपने वरिष्ठ, पवन बिष्ट (गौतम रोड़े) के साथ इस यात्रा पर निकलती है, उसे अपने व्यक्तित्व का एक ऐसा हिस्सा पता चलता है जिसे वह कभी नहीं जानती थी कि वह उसके भीतर मौजूद है। सब इंस्पेक्टर अदिति आमरे की भूमिका निभाते हुए, ईशा गुप्ता ने कहा कि इस किरदार को निभाने के लिए मुझे जिस चीज ने आकर्षित किया, वह यह है कि इसमें बहुत गहराई है।

## कंगना को भरोसा है कि थलाइवी दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाएगी



अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि थलाइवी उनके करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है और उन्हें विश्वास है कि यह दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाएगी। कंगना ने इससे पहले हैदराबाद में अपनी फिल्म के प्रीमियर में शिरकत की थी और बड़ी स्क्रीन और डिजिटल रिलीज के बीच अंतर के कारण फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करने के लिए मल्टीप्लेक्स पर निराशा व्यक्त की थी। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर थलाइवी का एक पोस्टर साझा किया, जो तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री और पूर्व अभिनेत्री जे जयललिता के जीवन पर आधारित एक बायोपिक है, और कैप्शन में लिखा है, थलाइवी में काम करना संतुष्टिदायक अनुभव है। ये मेरे करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ फिल्म। कंगना ने एक नोट भी साझा करते हुए कहा, थलाइवी एक थिएटर अनुभव है, उम्मीद है कि हिंदी मल्टीप्लेक्स भी इसे चलाएंगे। मुझे विश्वास है कि यह दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाएगी यह फिल्म, जो हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी, जयललिता के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करती है, जो कम उम्र में एक अभिनेत्री के रूप में उनकी यात्रा को तमिल सिनेमा का चेहरा बनने के साथ-साथ क्रांतिकारी नेता के उदय के बारे में बताती है। यह 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# मैं मेकअप की दीवानी हूं: भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड अभिनेत्री और पर्यावरणविद भूमि पेडनेकर को जलवायु संरक्षण, स्थिरता और फिटनेस प्रयासों के कारण भारत के पहले एम ए सी वैश्विक सौंदर्य प्रसाधन ब्रांड एंबेसडर के रूप में नामित किया गया है। भूमि ने बातचीत में मेकअप के लिए अपने प्यार का इजहार किया है। भूमि ने कहा, मैं एक मेकअप की दीवानी हूं। मुझे यह भी याद नहीं है कि जब मैं सुंदरता की दुनिया में पहुंची तो मैं कितनी उम्र की थी। अभिनेत्री ने कहा कि वह उन महिलाओं के आस-पास रही हैं, जो सुंदरता की दुनिया से उतना ही प्यार करती हैं, जितना वह करती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सकारात्मक, मजेदार और रचनात्मक मेकअप के साथ-साथ यह उनका प्रभाव था, जिसने मुझे पूरी तरह से घेर लिया और ऐसा करना आज तक जारी रखा। यह वास्तव में मेरे लिए चिकित्सा के समान है। एमएसी जैसे ब्रांड के चेहरे के रूप में नियुक्त होने वाली पहली भारतीय हस्ती होने के नाते 32 वर्षीय अभिनेत्री बेहद सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहीं हैं। भूमि ने बताया कि जब वह बहुत छोटी थी, तब से मेकअप की दीवानी रही है। इसलिए वे खुद को बेहद सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा कि वास्तव में ब्रांड का चेहरा बनना मेरे लिए एक उपलब्धि है। अभिनेत्री का कहना है कि उनके लिए, ब्रांड के स्तंभ समावेशीता, विविधता, समुदाय और सामाजिक जिम्मेदारी ऐसे हैं, जिनसे वह व्यक्तिगत रूप से प्रतिध्वनित होती हैं। अपने आगामी काम के बारे में बात करते हुए, भूमि ने बताया कि वह राजकुमार राव के साथ बधाई दो, अक्षय कुमार अभिनीत रक्षा बंधन और विक्की कौशल के साथ मिस्टर लेले में दिखाई देंगी।

# एक्वेरियम में लगाएं ये पौधे, लगेंगे बहुत ही खूबसूरत



घर में एक्वेरियम हो तो इससे पूरे घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। ऐसा हो भी क्यूं न स्पार्कलिंग पानी और रंगीन मछलियां सभी एकसाथ मिलकर एक अलग दुनिया की सैर कराते हैं। वहीं, इन सबके साथ अगर आप इसमें पौधे लगा देते हैं तो एक्वेरियम और भी खूबसूरत लगेगा। हालांकि, अगर आपको यह पता नहीं है कि एक्वेरियम में किस तरह के पौधे लगाए जा सकते हैं तो आइए आज इसी के बारे में जानते हैं।

### अमेजन स्वॉर्ड

एक्वेरियम में अमेजन स्वॉर्ड लगाना बेहतरीन है क्योंकि यह आसानी से पानी में विकसित होता है। सबसे अच्छी बात तो यह है कि आपको इस पौधे की अधिक देखभाल करने की भी आवश्यकता नहीं है। हालांकि, इस बात का खास ध्यान रखें कि इसे लगाने के बाद एक्वेरियम को घर में किसी ऐसी जगह पर रखें, जहां सूरज की सीधी रोशनी पड़ती हो। बता दें कि आमतौर पर यह पौधा 20 इंच तक बढ़ता है।

### मनी प्लांट

मनी प्लांट की जड को एक्वेरियम के अंदर और पत्तियों की डाली को इसके बाहर लटकाएं। यह अन्य पौधों और एक्वेरियम दोनों के लिए फायदेमंद है क्योंकि यह नाइट्रेट्स को अवशोषित करता है और विकास के लिए उनका इस्तेमाल करता है। वहीं, पर्याप्त रोशनी से मनी प्लांट अधिक विकसित होता है। इसके अलावा, यह एक वास्तु पौधा भी है, जो घर में भाग्य लाने और इसे खूबसूरत लुक देने में भी सहायक है।

### वॉटर लिली

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है, वॉटर लिली खास पानी में ही पनपने वाला पौधा है और इस पर उगने वाले गुलाबी रंग के फूल एक्वेरियम की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं। खास बात है कि वॉटर लिली के पौधे को लगाने के बाद अधिक देखभाल की आवश्यकता नहीं होती है। हालांकि, ध्यान रखें कि हफ्ते में तीन दिन इसमें थोड़ी खाद डालनी होती है।

### जलकुंभी

जलकुंभी भी पानी में उगाया जाने वाला पौधा है, इसलिए इसे भी एक्वेरियम में उगाया जा सकता है। खास बात तो यह है कि इसे लगाने के बाद अगर इसकी देखभाल न भी की जाए तो भी यह अपने आप उगता रहेगा क्योंकि इसे कोई भी प्लांट फर्टिलाइजर नहीं चाहिए होता है। कई तरह के जलकुंभी पौधों को तो मिट्टी की जरूरत भी नहीं होती है। ये अपने आप बढ़ते और फूलते रहते हैं।

## अली अब्बास जफर की फिल्म में दिलजीत दोसांझ निभाएंगे एक जासूस का किरदार

गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। गायिकी के अलावा उन्होंने एक्टिंग में भी अपनी किस्मत आजमाई है। अब दिलजीत के प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो वह फिल्ममेकर अली अब्बास जफर की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अली अब्बास की अगली फिल्म में वह एक जासूस का किरदार निभाने वाले हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दिलजीत अली अब्बास की अगली फिल्म में जासूस शेरदिल की भूमिका निभाएंगे। खबरों की मानें तो यह एक क्राइम कॉमेडी फिल्म होगी जिसमें दिलजीत के अलावा सुमित व्यास, बोमन ईरानी और बनिता संधू मुख्य भूमिका में दिखने वाली हैं। इस फिल्म का शीर्षक डिटेक्टिव शेरदिल रखा गया है। इस फिल्म में दिलजीत एक इन्वेस्टिगेटर की भूमिका को पर्दे पर निभाते दिखेंगे। एक सूत्र ने कहा, अली अब्बास ने खुद फिल्म की पटकथा लिखी है। डिटेक्टिव शेरदिल दिलजीत द्वारा निभाए जा रहे एक शौकिया जासूस की कहानी है। इस थ्रिलर कॉमेडी फिल्म की पृष्ठभूमि क्राइम इन्वेस्टिगेशन पर आधारित है। अभिनेत्री बनिता फिल्म में दिलजीत के ऑपोजिट नजर आएंगी। बोमन और सुमित के किरदारों से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। अली अब्बास के सहयोगी रहे रवि छाबड़िया फिल्म से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करेंगे।

## वन-टू-वन

### सरकारी स्कूल को महाविद्यालय मे क्रमोन्नत किया



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

बैगलूर -रविवार दिनांक 12-09-2021 को सुबह 10बजे हमारे नये मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और सांसद तेजस्वी सुर्या, विधायक मंत्री वी. सोमाणा, विधायक मंत्री विश्वनाथ ,विधायक मंत्री गोपालाया विधायक मुन्नीरत्ना व गोविन्द राज नगर के गणमान्य नागरिक व पार्षद शिल्पा श्रीधर दासरहल्ली अग्रहार सरकारी स्कूल को क्रमोन्नत करके महाविद्यालय बनाने की घोषणा। मान्यवर मुख्यमंत्री ने की इस कार्यक्रम मे रामदेव भक्त मंडल के अध्यक्ष चेतनप्रकाश, सचिव पंकज कुमार, और कार्यकर्ता व सुकंदकट्टे बैंगलोर पश्चिम् सीरवी समाज के संरक्षक इन्द्रलाल सोलंकी,अध्यक्ष रूगाराम चोयल,कमेटी सदस्य शेषाराम सैणचा, भानाराम गेहलोत, व जैन समाज के पुखराज जी, राजस्थान गौ सत्संग मंडल से भी चुन्नीलाल परिहार थे राजपुरोहित समाज के ओमसिंह सेवड़, ने भाग लिया सभी राजस्थानी बंधुगण राजस्थानी पारम्परिक साफे मे थे करीब तीन सौ नागरिकों का समावेश हुआ । इस कार्यक्रम मे राजस्थानी समाज को भी आमंत्रित किया गया था कार्यक्रम बेहद सफल रहा ।

### हतरह्ली गांव में गणपती प्रतिभा विराजमान किया



**पुष्पाजंली टुडे**

**मंड्या-**बन्नूर गांव के निकटवर्ती हतरह्ली गांव में विनायकाब्लगा ट्रस्ट के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी पर गणपती प्रतिमा का विराजमान विधि-विधान हुआ। गणपती बप्पा की पूजा-अर्चना आरती उतारी। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,ने लोगों को बताया की कोविड 19 वायरस को रोकने का एकमात्र उपाय टीका है ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लगाने के लिए जागरूक किया इस अवसर पर समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने सेनेटाइजर व मास्क का वितरण किया गया । और इस कार्यक्रम में महेन्द्रसिंह राजपुरोहित की तरफ से भक्तों को प्रसाद का वितरण किया इस मौके पर गणती गांव के चेयरमैन कुमार गौडा, गोपीनाथ, आनंद गौडा, चेतन गौडा, लोकेश गौडा,श्रीकट्टेगौडा ,रामेगौडा मौजूद थे। रविवार को गणपती प्रतिभा का विसर्जन होगा

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 1-15 सितंबर 2021 के तहत शाला में स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं,इस क्रम में आज उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 भिंड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई की। सरस्वती मां के मंदिर में तथा खेल प्रांगण में साफ सफाई कर उसे गाजर घास एवम प्लास्टिक,पॉलिथीन मुक्त बनाया । हराभरा विद्यालय मुहिम के बीते रोज विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए हैज,अशोक और वोटल पाम के पौधे लगाये गए। स्वच्छता का संदेश देने के लिए संकल्प लेकर विद्यालय से शास्त्री तिराहा, हॉस्पिटल , खंडा रोड होकर परेड चौराहे तक स्वच्छता रैली निकाली।स्वयं सेवकों ने यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य पीएस चौहान एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में किया । जिसमें सभी वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे इस अवसर पर स्वयंसेवक रानू चौधरी साक्षी राजावत,अदिति भदौरिया ,मधु बंसल,पल्लवी, करिश्मा, मोहम्मदसमी, शीतल, सुप्रिया, तनिष्का, नेंसी श्रीवास,, उदय प्रजापति, सचिन , प्राची , रौनक, शिवम, कुणाल तोमर, अनुज यादव आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भोपाल।** सरकार द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 13 सितंबर से 23 सितंबर 2021तक चलाया जा रहा है। समुदाय आधारित घर-घर कृमि नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हम सब का नारा है। कृमि की गोली खाना है। कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा।

# भुपेश कटरे को युवा पवार समाज संगठन लांजी के अध्यक्ष बनने पर भरत कालबेले एवं विशाल राउत खोंगल ने की भेंट, दी बधाई

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**



**बालाघाट** । पवार समाज की मांदी का आयोजन जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम दहेगांव के सामुदायिक भवन में दिनांक 9 सितंबर को किया गया था जिसमें क्षेत्र के सभी पवार क्षत्रिय समाज जन उपस्थित रहे। बैठक का उद्येश्य सामाजिक बंधुओं को एकता के सुत्र में बांधकर क्षेत्रीय एकता सुदृढ करना तथा संगठन का विस्तारीकरण कर संगठन को मजबूत बनाना था। जिसमें में मुख्य अतिथी श्री मुरलीधरजी टेंभरे अध्यक्ष राष्ट्रीय पवार महासभा, श्री खीरसागर जी पारधी अध्यक्ष जिला पवार समाज बालाघाट, श्री अशोक जी बिसेन उपाध्यक्ष पवार राष्ट्रीय महासभा, श्री आर.सी.अंबुलेजी अध्यक्ष राजाभोज समिती बालाघाट, श्री शेषरामजी रहांगडाले कोषाध्यक्ष जिला पवार समाज, श्री दिलीपजी रहांगडाले अध्यक्ष पवार युवा संगठन बालाघाट उपस्थित रहे। श्री महेंद्र चमरूलाल पटेल दहेगांव को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष खेमराज ठाकरे मूलचंद पटेल रामलाल चौहान युवराज पटले संतोष गौतम, कोषाध्यक्ष कमल किशोर ठाकरे, सचिव देवेश येडे, संगठन सचिव बसंत हरिनखेडे, देवेंद्र पटेल , सह सचिव भक्तराज हरिनखेड़े, मीडिया प्रभारी संजय टेंभरे बनाये गये। वहीं भुपेश शंकरलाल कटरे घोटी घुसमारा को युवा संगठन का अध्यक्ष , संगठन मंत्री पंकज चौधरी , कोषाध्यक्ष राहुल बिसेन , उपाध्यक्ष नेहल गौतम, प्रेमसिंह गौतम, पृफुल्ल एडे पाथरगांव मुकेश कोल्हे, ज्योतसिंह रंहागडाले, संगठन सह-महामंत्री नविन टेंभरे, सचिव नितिन हरिणखेड़े, मिडिया प्रभारी मोहित राणा, रितेश कटरे को मनोनीत किया गया।

**पंवार क्षत्रिय समाज का गठन समाज उत्थान के लिए हितकारी - भरत कालबेले प्रदेश सचिव असंगठित कामगार कांग्रेस मध्यप्रदेश:** मध्यप्रदेश असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश सचिव श्री भरत कालबेले ने लांजी प्रवास पर आकर युवा पवार समाज संगठन लांजी के नवनिर्वाचित युवा अध्यक्ष श्री भुपेश शंकरलाल कटरे के निवास पर भेंट कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान भरत कालबेले जी ने कहा कि भुपेश कटरे जी पंवार क्षत्रिय समाज के द्वारा दी गई जिम्मेदारी जिनमें सांस्कृतिक रितीरिवाजों एवं मूल्यों की रक्षा करना, पंवार क्षत्रिय समाज के युवा एवं महिला वर्गों में शिक्षा का प्रचार कर प्रगती पथ पर अग्रसर करना तथा समाज के सर्वांगीण विकास हेतु समाज हित में देश हित में लगे रहे,इन्ही शुभाशीष के साथ आपको बधाई।

**युवा शक्ति और युवा सोच समाज को नई दिशा प्रदान करेगा - विशाल राउत खोंगल चैयरमेन महावीर इंटरनेशनल लांजी:** महावीर इंटरनेशनल लांजी के चैयरमेन विशाल राउत खोंगल ने पंवार समाज संगठन लांजी के प्रथम नवनियुक्त युवा संगठन अध्यक्ष भूपेश कटरे से उनके आवास पर पहुंचकर बधाई देते हुए कहा कि भुपेश कटरे जी की युवा शक्ति और युवा सोच समाज को नई दिशा प्रदान करेगा, पवार क्षत्रिय समाज के इतिहास एवं संस्कृति की गरीमा बनाये रखने तथा समाज जनों को समय समय पर उचित मागदर्शन कर आधुनिक , सामाजिक , शैक्षणिक , व्यासायिक तथा औद्योगिक विकास से अवगत कराकर तथा विभिन्न पवार संगठनों के संचालन , कार्यक्रमों पर निगरानी एवं नियंत्रण तथा समस्याओं का निराकरण और समय समय पर मागदर्शन कर दिशानिर्देश करने में सफल रहोगे।

# लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश मोबाइल फोन,

**मोटरसाइकिल व अवैध असला कारतूस सहित पांच अभियुक्त गिरफ्तार।**

**पुष्पांजली टुडे**



एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाये जा रहे अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में दिये गये आदेश एवं निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लूट करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार आज दिनांक 12.09.2021 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर देवेंद्र नाथ मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गंजडुडवारा रोड शीतलपुर तिराहे के पास से लूट/चोरी के 14 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एवं घटनाओं में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल न0यूपी 82 डब्लू 4272 सहित पाँच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### नाम पता अभियुक्तगण।

1.सर्वेश कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी नगला गुलरिया थाना अमांपुर जिला कासगंज

2.सत्यवीर पुत्र मान सिंह निवासी बरसौडा थाना अमापुर जिला कासगंज

3.गोपी पुत्र भूप सिहं निवासी यादपुर थाना अमांपुर जिला कासगंज

4.सुनील पुत्र सुरेश निवासी फकौता थाना अंमापुर जिला कासगंज

5. सतीश पुत्र भोली सिंह निवासी बरसौडा थाना अमापुर जिला कासगंज

### बरामदगी

14 मोबाइल फोन (लूट/चोरी के)

दो अवैध तमंचा व चार जिंदा कारतूस 315 बोर एक अपाचे मोटरसाइकिल सफेद रंग नं0 यूपी 82 डब्लू 4272 गिरफ्तारी करने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र नाथ मिश्र को0 नगर एटाव0उ0नि0 श्री उमेश कुमार उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह को0 नगर पुष्पेन्द्र कुमार को0 नगर अनिल कुमार को0नगर रामेन्द्र सिंह कोतवाली नगर ग्रीश चन्द्र स्वाट टीम अभिषेक कुमार स्वाट टीम एटा।

# खरगोन मामले में बड़ी कार्रवाई, सीएम शिवराज के निर्देश के बाद एसपी हटाए गए

**पुष्पांजली टुडे**
**भोपाल**



खरगोन मे आदिवासी युवक के मौत के मामले में एसपी शैलेन्द्र सिंह पर गाज गिरी है। जांच में देरी पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शैलेन्द्र सिंह को हटाने के निर्देश दिया था। इसके पहले मामले में लापरवाही बरतने पर 4 जेल प्रहरियों को पहले ही निलंबित कर दिया गया था। आपको बता दें खरगोन में चोरी और लूट के मामले में पुलिस ने लगभग दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक आदिवासी युवक की पुलिस कस्टडी में मौत हो गई थी। युवक की मौत से गुस्साए समाज के लोगों ने थाना का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की थी। उधर घटना के बाद इस मामले ने सियासी तूल पकड़ लिया था। कांग्रेस ने प्रदेश की बीजेपी सरकार पर आदिवासियों का दमन और उत्पीड़न का आरोप लगाया था। कांग्रेस ने सरकार से मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने घटना की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया था। पूर्व मंत्री विजय लक्ष्मी साधौ के नेतृत्व में 4 सदस्यीय समिति ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और जांच के बाद कमेटी पीसीसी को सौंपी थी। मामले में कांग्रेस ने सरकार से पीड़ित परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा देने के साथ ही सीबीआई जांच की मांग की थी।




### लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनीत पत्र किए वितरण

**पुष्पांजली टुडे**

एटा समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक डाक बंगलिया पर स्थित जिला पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई इस अवसर पर मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने जिला कमेटी विधानसभा कमेटी ब्लॉक कमेटी नगर कमेटी को गठन कर सभी पदाधिकारियों को मनोनीत पत्र दिए मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि 2022 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और जिस भी प्रत्याशी को पार्टी के द्वारा टिकट प्राप्त होती है उसके लिए पूरी ईमानदारी लग्न और निष्ठा से जिताने का कार्य करेंगे इस अवसर पर पार्टी के महासचिव भूपेंद्र प्रजापति और लोहिया वाहिनी के प्रभारी जसवीर सिंह यादव।

# प्रधानमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सोंपेंगे किसान,

**समस्याओं के समाधान न होने तक आंदोलन जारी रहेगा**

**पुष्पांजली टुडे**



एटा तीसरे दिन भी अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले चल रहे आंदोलन में किसानों की समस्याओं के प्रति शाशन प्रशासन की शिथिलता को देखते हुए आक्रोशित किसानों ने कहा कि पिछले तीन दिन - रात से शांतिपूर्वक तरीका से आंदोलन चला रहे हैं जिस बजह से जिलाप्रशासन किसान, मजदूरों को बेबकूफ समझ रहा है और दुर्भाग्यपूर्ण घटना यह है कि एक तरफ संगठन के पदाधिकारियों / कार्यकर्ताओं ने कई भ्रष्ट अधिकारियों/ कर्मचारियों का खुलासा किया है लेकिन शाशन - प्रशासन भ्रष्ट अधिकारियों/ कर्मचारियों को बचाने के लिए लगा हुआ इसलिए आंदोलनरत किसान, मजदूरों ने निर्णय लिया है कि देश के प्रधानमंत्री जी का जनता से संबाद करने का कार्यक्रम 14.09.2021 को अलीगढ़ में है उपरोक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर किसान विरोधी कानूनों का विरोध सहित भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे और अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी जा रही है कि कुछ लोग एटा धरना स्थल पर रहेंगे वाकी कार्यकर्ताओं गोपनीय रणनीति तैयार कर अलीगढ़ जनपद के चारों तरफ अपने तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी तक पहुंचर मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।तथा संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश की तीन सदस्यीय कमेटी के मेम्बर शशिकांत जी, सुरेश चन्द्र गांधी क्रांतिकारी यूनियन, रमेश चंद्र विद्रोही सहित आदि लोगों ने चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन का समर्थन करते हुए और 27 को प्रस्तावित भारत वंद को सफल बनाने का भी आह्वान किया जिस उपस्थित लोगों ने सफल बनाने का आस्वासन दिया एवं कामरेड राजाराम जी, हलवाई यूनियन के अध्यक्ष राजवीर सिंह जी ने भी समर्थन किया व्रज के राजा किसानों के देवता बलदाऊ महाराज की जयंती/ देवछट के उपलक्ष्य में आंदोलनरत किसानों ने धरना स्थल एटा पर भंडारे का आयोजन कर आगुन्तक भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया धरना स्थल पर चल रहे लंगर मे सहयोग के लिए मलावन के किसान भाईयों ने दो बोरी आटा एवं 2000 रू0 नगद देकर आंदोलन की मदद की जिसपर उपस्थित किसानों ने आभार ब्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से -अखिल संघर्षी राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुरेन्द्र सास्त्री राष्ट्रीय महासचिव, डा0 अनिल कुमार सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता, रामकिशन यादव प्रदेश अध्यक्ष, राजू सोलंकी प्रदेश उपाध्यक्ष, अवधेश यादव युवा प्रदेश महासचिव, बबलू नागर जिलाध्यक्ष, ठा0 अखण्ड प्रताप जिलामहासचिव, रामनिवास वर्मा, अशोक कुमार, दिनेश पाल सिंह, शहदेव सिंह, राकेश कुमार, रामौतार प्रभू, विनय कुमार, लाडो देवी, सुनीता देवी सविता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# साइट सेवर सेवर इंडिया के सहयोग से एपीआई इंडिया के ट्रक ड्राइवरों हेतु नेत्र जांच शिविर का किया शुभारंभ



साइट सेवर इंडिया के सहयोग से इंडिया ग्वालियर द्वारा आज ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रक ड्राइवरों हेतु निशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया गया

क्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रेलवे डायरेक्टर फाइनेंसियल एडवाइजर एंड चीफ अकाउंट ऑफिसर जी श्री संतोष कुमार जी उपस्थित थे उन्होंने अपने उद्बोधन से सभी को स्वस्थ रहने की अपील की।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में साइड सेवर इंडिया की ओर से जोनल कोऑर्डिनेटर जी डिक्शन चार्ल्स जी उपस्थित उन्होंने सभी को साइटसेवर्स इंडिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं कार्यक्षेत्र के बारे में भी बताया।

कार्य कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के मानसेवी सचिव डॉ के.के . दीक्षित जी साथ ही उन्होंने सभी ट्रक ड्राइवरों को स्वस्थ रहने की अपील की सभी लोगों को नेत्र जांच कराने की अपील भी की साथ ही उन्होंने यह भी बताया किस प्रकार ट्रक चलाने में सावधानियां रखनी चाहिए।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दिक्षित जी उपस्थित थे उन्होंने अपने उद्बोधन से सभी लोगों को पुरुष स्वास्थ्य पर जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार आगामी कार्यों का संचालन किया गया श्रीमती नीलम दिक्षित जी ने सभी को योग पर जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया।

शिविर के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों के जांच कर कर उन्होंने निशुल्क चश्मे भी वितरित किए कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में संस्था कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के चिकित्सक डॉ महेश कुमार डॉ पीयूष गॉड भी थे। एवं राजीव श्रीवास्तव कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय सिंह कुशवाह श्रीमती गीता सूर्यवंशी , हेमंत कुशवाह सभी का मुख्य योगदान रहा।

क्रम का संचालन संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया एवं एवं आगामी श्री जि .आर. रमेश

### अम्बाह ऐसाह गॉव के पास चिह्लासन देबी चम्बल नदी पर मोहर छठि पर मोहर सिराबनी को लेकर उमडी भारी भीड...

**राधा तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**



**अम्बाह**...तोमर वंश के आखिरी शासक महाराजा आनंगपाल की नगरी ऐसाह गांव में चिह्लासन देवी मंदिर के पास चम्बल नदी पर अदुभुत चमत्कार से अधपर डाढे से पानी की धारा निकला अपने आप में एक सोचनीय बिचार है इस चमत्कार का आज तक बैज्ञानिक भी खोज नही कर पाये है भगेश्वरी नाम से प्रसिध्द अधुभुत चमत्कार से निकते पानी से महिलाओ ने स्नान कर मौहरो की पूजा की और चम्बल में बिसर्जन किया यहा हम आपको बता दे कि धोलपुर मचकुन्ड पर शासन की रोक लगने से भगेश्वरी चम्बल नदी पर मोहर छठि को लेकर महिलाओ की भारी भीड हुई। सर्वप्रथम महिलाओ ने देवी मॉ की पूजा-अर्चना कर नीचे भगेव्शरी पर मोहरो का बिसर्जन किया और आनन्द अधुभुत से प्रशन्न होकर मन्दिर में दर्शन किये यहा ऊपर देबी के पास महाराज जी से बात की तो उन्होने कहा कि राजा अनंगपाल दिह्ली के आखिरी शासक थे। उन्होंने शांति और सद्भाव कायम रखने के लिए दिह्ली का शासन छोड़ा था और चंबल किनारे ऐसाह गांव में आकर अपना साम्राज्य ऐसाह गढ़ी के नाम से स्थापित किया था।

# लोधी समाज संगठित होकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाएं : प्रहलाद सिंह पटेल

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**( मंचासीन अतिथियों ने लोधी समाज के ग्रंथ का किया विमोचन)**

**भिण्ड ।** भारत सरकार के केंद्रीय संस्कृति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि हमारे समाज का 1842 के इतिहास का समाज को अध्ययन करना चाहिए जिसमें समाज के महारानी वीरांगना अवंतीबाई जैसे महापुरुषों ने देश को स्वतंत्र कराने में अपना योगदान दिया और आज हमारा समाज संगठित नहीं हमें सबसे पहले अपने समाज को संगठित होने पर ध्यान देना चाहिए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में हम अपने बच्चों को आगे बढ़ा कर देश का नाम रोशन कराएं और योग्य विद्यार्थी हर क्षेत्र में आगे निकल कर समाज को भी गौरवान्वित करने का काम करेंगे 7 यह बात उन्होंने अखिल भारतीय लोधी लोधा क्षत्रिय राजपूत महासभा द्वारा आयोजित संगम गार्डन में एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के आसीन से बोलते हुए व्यक्त किए जिसकी अध्यक्षता विधायक एवं लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने की विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू, विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी विशेष रुप से मौजूद थे द्य लोधी समाज के जिलाध्यक्ष एवं सरपंच सुघर सिंह नरवरिया ने आभार एवं कार्यक्रम का संचालन भंवर सिंह नरवरिया द्वारा किया गया और कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना शहीद अवंतीबाई के छायाचित्र पर मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया 7

अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के जिला स्तरीय सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि लोधी समाज ऐसा समाज है जोकि अपने अधिकारों के प्रति स्वयं आगे आकर संघर्ष करता है हमारे समाज जो कुर्तियां फैली है उन्हें हम दूर कर समाज को संगठित करने का काम करें जिससे हमारी पहचान पूरे देश में स्थापित हो सके द्य





अखिल भारतीय लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक जालम सिंह पटेल ने कहा महारानी वीरांगना अवंतीबाई ऐसी मातृशक्ति थी जिन्होंने इस देश को स्वतंत्र कराने में अंग्रेजों से संघर्ष कर अपना विशेष योगदान देकर अहम भूमिका निभाई थी इनके विचारों को समाज के अंतिम छोर तक रहने वाले व्यक्ति तक पहुंचाने का काम हमारे लोधी समाज के पदाधिकारी करेंगे तो निश्चित ही हमारे संगठन मजबूत होकर आज विकास की दिशा से जोड़ने का काम करें द्य

इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि लोधी समाज अन्य समाजों से अलग है समाज के विकास के लिए मैं किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ूंगा 7 आपने मुझे अपना जन सेवक बनाकर अटेर क्षेत्र का नेतृत्व प्रदान किया है। आज में आपके आशीर्वाद से मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में कार्यरत हूं मैं नहीं आप ही मंत्री हैं आप जहां से करेंगे वहां विकास कार्यों को प्राथमिकता देना मेरा कार्य रहेगा आप सभी एक सूत्र में पिरोकर अपने समाज को संगठित करें और शिक्षा के क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान देने का कार्य करें द्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने कहा समाज को शिक्षित होने की आवश्यकता है जब हम शिक्षित होंगे तो अपने अधिकारों के प्रति स्वयं आगे आकर संघर्ष करेंगे और समाज को संगठित कर अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं जिससे आपके के बच्चे अच्छी योग्यता के साथ प्रशासनिक अधिकारी बनकर समाज को गौरवान्वित करें, मैं आपको वचन देता हूं आपके समाज को कभी पीठ नहीं दिखाऊंगा 7 केंद्र की मोदी ओर प्रदेश की शिवराज सरकार ने ओबीसी समाज को 27 प्रतिसत आरक्षण के साथ समाज को आगे बढ़ाया । प्रदेश सरकार ने मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने समाज को जागृत करते हुए कहा के केंद्र की मोदि सरकार और मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व बाली भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग समाज 27 प्रतिशत आरक्षण सरकारी भर्तियों में देकर आगे नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है, इस योजना का आप अपने बच्चो को आगे बढ़ाएं 7

## वन-टू-वन

### बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था निरन्तर करेगी डॉक्टर्स को सम्मानित-डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी



**विपिन तोमर**
**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर, बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था द्वारा आज स्पर्श हॉस्पिटल दीनदयाल नगर में आज 12 बजे कोरोना योद्धा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मोहन सिंह राजावत थे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने की। इस अवसर पर श्री राजावत जी ने कहा कि डॉक्टर भगवन का स्वरूप होते है और कोरोना काल मे इन्होंने मरीजों को बचाने के लिए दिन रात एक कर दिए वही डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि असली कोरोना योद्धा तो वाकई में डॉक्टर्स ही है जिन्होंने घण्टो घण्टो अपने फर्ज को अंजाम देने के लिए घर परिवार तक को इस विपरीत परिस्थिति में त्याग दिया संस्था निरन्तर ऐसे ही सम्मान समारोह अयोजिय कर डॉक्टर्स को सम्मानित करती रहेगी। ततपश्चात डॉ प्रताप सिंह चौहान ,डॉ विश्वास मुदगल,डॉ प्रशांत मुदगल,देवेंद्र शर्मा,श्याम भटेले,डॉ सुकीर्ति मुदगल,विजेता,राजेश जी को सम्मानित किया। इस अवसर पर अछेन्द्र सिंह राजावत,नीतू बंगाइया, मधु शर्मा,अभिषेक शर्मा,गिर्राज शर्मा, किरण बंगाइया उपस्थित रहे।

### युवतियो को घातक एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाला तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**भोपाल।** राजधानी की शाहजहांनाबाद पुलिस ने घातक ड्रग्स एमडी की तस्करी के आरोप में एक युवक को दबोचा है। तलाशी में उसके पास से आठ ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया गया है। आरोपी ने शुरुआती पुछताछ मे पुलिस को बताया कि वो इस ड्रग्स को अधिकतर युवतियो को सप्लाई करता था। इस नशीले पर्दाथ की हाईप्रोफाइल पार्टियों में काफी डिमांड होती है। इसकी एक खुराक की कीमत करीब ढाई से तीन हजार रुपये तक है। पुलिस तस्कर से इस बात की जानकारी जुटा रही है कि वो यह नशीला पर्दाथ कहां से लेकर आता है। शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने बताया कि मुखबिर से नशीले पर्दाथ की तस्करी की सूचना मिलने पर पर एक युवक को ईदगाह हिल्स स्थित दुर्गा नगर के पास से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया था। तलाशी के दौरान उसके पास आठ छोटी-छोटी पुड़िया बरामद हुई। आरोपी की पहचान टीला जमालपुरा निवासी अकील अहमद के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी अकील ने बताया कि एमडी की गोलियों को पीसकर वह अलग-अलग डोज बनाकर सप्लाई करता है। उसकी अधिकांश ग्राहक युवतियां हैं। वो शाहजहांनाबाद, कोहेफिजा इलाके में ही ड्रग्स सप्लाई करता है। नशीला माल देने के लिए वह ग्राहकों से वाट्सएप पर संपर्क ओर वाट्सएप कॉल के जरिये ही बातचीत करता है। पुलिस ने बताया कि तस्कर अकील खुद भी नशे का आदी है। पुलिस अकील के पास से बरामद मोबाइल फोन के आधार पर उसके गिरोह के अन्य साथियो ओर ग्राहकों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### खेत में सब्जी तोड़ते समय करंट लगने से महिला की मौत

**भोपाल।** राजधानी के बिलखिरिया थाना इलाके मे स्थित गांव हरिपुरा बंजारा बस्ती में घर के पीछे लगी बेल से सब्जी तोड़ते समय महिला करंट की चपेट मे आकर झुलस गई, हादसे मे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया। जॉच टीम का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस के अनुसार 28 साल की माया बंजारा पति बाबूलाल बंजारा गांव हरिपुरा बंजारा बस्ती में रहती थी। फिलहाल वह अपने पिता के घर आई थी। उसके पिता जीतन सिंह बंजारा ने पुलिस को बताया कि उनके मकान के पीछे से सर्विस लाइन आई है। वहीं मकान के पीछे की तरफ तुरैया की बेला लगी है। बीती सुबह माया तुरैया तोडने़ का कहकर पीछे की तरफ गई थी।

# शिकंजे मे ड्रग्स तस्कर,बड़े घर की लड़कियों को करता था सप्लाई

**पुष्पांजली टुडे**
**भोपाल**

शाहजनाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने एक एमडी तस्कर को गिरफ्तार किया है, आरोपी के पास से 8 ग्राम एमडी पाउडर मिला है। तस्कर बड़े घरों की लड़कियों को ड्रग्स सप्लाई करता था पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है।

**हाईप्रोफाइल पार्टियों में करता था सप्लाई:** हाईप्रोफाइल पार्टियों में एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाले एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 8 ग्राम ड्रग्स भी मिली है, पकड़ा गया आरोपी खुद भी नशे में धुत था ऐसे में पुलिस उससे कोई खास जानकारी हासिल नहीं कर पाई है। पुलिस आरोपी के बारे में पता लगा रही है। मामले की जांच कर रहे शाजहांनाबाद थाने के एसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर दुर्गा नगर इलाके में एक संदिग्ध के होने की सूचना मिली थी। आरोपी पर पहले से ही एमडी ड्रग्स सप्लाई करने का संदेह था



आरोपी पर नजर रखना शुरू किया, उसकी गतिविधियों पर नजर रखने लगे,इसी दौरान ड्रग्स होने की पुष्टि होने उसे हिरासत में ले लिया बदमाश के पास से एमडी ड्रग्स की एक पैकेट मिली।

**बड़े घर की लड़कियों को बनाता था निशाना:** सीएसपी नागेंद्र पटेरिया ने बताया की आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के ज्यादातर ग्राहक लड़कियां हैं वो कोहेफिजा और शाजहांनाबाद इलाके में इसकी सप्लाई करता है आरोपी पूरा अपना कारोबार व्हाट्सएप के माध्यम से डील करता था।

## उपचुनाव के पहले मुख्यमंत्री का जनदर्शन शुरु, तीनों सीटों पर पहुंचेंगे शिवराज, कांग्रेस ने उठाए सवाल

**पुष्पांजली टुडे**
**भोपाल**



उपचुनावों के ठीक पहले मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम को लेकर सूबे में सियासत शुरु हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रैगांव विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न गांवों में जनदर्शन कार्यक्रम करेंगे। जिसके बाद कल 13 सितंबर को पृथ्वीपुर और निवाड़ी के विभिन्न गांवों, 15 सितंबर को अलीराजपुर के जोबट में भी जनदर्शन में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री के जनदर्शन पर कांग्रेस ने सवाल उठाया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने तंज कसते हुए कहा कि चुनावी घोषणाओं की आज रैगांव में बरसात होगी। मैहर की तरह फर्जी स्मार्ट सिटी बन सकती है। सीएम राईज की घोषणा से पहले भाजपा बताए कि रीवा में 700 स्कूल क्यों बंद हो रहे हैं? कहां पढ़ेंगे इन स्कूलों के बच्चे? कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केके मिश्रा ने भी ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। केके मिश्रा ट्वीट ने ट्वीट कर कहा, ÷सुना है आज 12 सितम्बर से मप्र के ष्टरूशिवराज जी आगामी उपचुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में जनदर्शन,समीक्षा,कभी पूरी न होने वाली घोषणाएं व शिलान्यास करेंगे !ष्टरूसा.सादर प्रार्थना है इस दौरे में आप यहां कोरोना से हुई मौतों की संख्या,मंहगाई,बेरोजगारी,कानून व्यवस्था आदि पर भी कुछ कहें.÷

वहीं जनदर्शन के बहाने बीजेपी ने भी कमलनाथ पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता डॉ हितेश बाजपेयी ने कहा कि जो जनता के बीच रहेगा वही चुनाव जीतेगा।



### आओ हाथ बढ़ायें सेवा संस्था द्वारा किया गया कार्यक्रम

**शिवकांत ओझा**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** गजानन महाराज की कृपा से आप सभी साथियों के सहयोग से आज दिनांक 12.9.21 को गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में आओ हाथ बढ़ायें सेवा संस्था का द्वितीय कार्यक्रम मिशन ग्वालियर के तहत एक साथ दो स्थान नारायण वृद्धाश्रम एवं माधव बाल निकेतन लक्ष्मीगंज ग्वालियर पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। आप सभी के स्नेह एवं सहयोग के लिए हार्दिक आभार, निकट भविष्य में भी आप सभी लोगों से यही सहयोग अपेक्षित है शिवकांत ओझा, आलोक कुमार जी, विवेक शर्मा जी, महेश सक्सेना जी, शिवम जी, अनूप जी, रवि शाक्या जी,शैलेन्द्र जी, दिनेश राठौर जी एवं हिमांशु श्रीवास्तव।

## मध्यप्रदेश कर्मचारी सं.मो.जि. शाखा मुरैना द्वारा एकीकृत शा.मा.वि.चम्बल कॉंलोनी के मिनी पार्क में किया पौधारोपण...

**केशब पंडित जी**
**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना ।** चम्बल कालोनी मिनी पार्क में पोध रोपड करते समाजसेवी रामनरेश डण्डोतिया ने कहा पौधारोपण बहुत पुण्य का कार्य है सभी साथी कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें

इस अवसर पर चम्बल यशगान यात्रा के संयोजक नीलेश शर्मा ने कहा हम सभी कर्मचारी साथियों को अपने दैनिक कर्तव्यों को पूर्ण करने के साथ साथ एक पौधा रोज लगाना चाहिए और अवकाश के दिन अपने पौधो की देखभाल के साथ साथ समाज को भी पौधरोपण के लिये प्रेरित करने का कार्य करना चाहिए

पौधे हमें फल ,फूल ,लकडी के साथ छाया भी देते है पेडों की छाया में बैठकर मनुष्य जीवन का तनाव भूल जाता है इस अवसर पर रामनरेश डण्डोतिया समाज सेवी, राममूर्ति डण्डोतिया , महेश कुलश्रेष्ठ पूर्व रेंजर , नीलेश शर्मा संयोजक चंबल यशगान यात्रा , हरिओम बंसल मण्डी उप निरीक्षक , बाहिद हुसैन सिद्दीकी , विकास शर्मा केदार शर्मा,रामनिवास शर्मा , देवकीनंदन शर्मा , रमझानी खान , हवलदार सिंह तोमर , रामेश्वर दयाल कुशवाह , मातादीन कुशवाह , वृंदावन रजक , राधेश्याम परिहार , रघुवीर सिंह सिकरवार एवं अन्य सभी कर्मचारी गण वृक्ष कभी इस बात पर व्यथित नहीं होता कि उसने कितने पुष्प खो दिए, वह सदैव नए फूलों के सर्जन में व्यस्त रहता है, उस तरह जीवन में कितना भी खो गया हो, इस पीड़ा को भूल कर, क्या नया कर सकते हैं उसके बारे में सोचने में ही जीवन की सार्थकता है...





# इन्वेस्टर्स मीट में प्राप्त निवेश के प्रस्तावों को गति प्रदान करने आयुष मंत्री श्री कावरे ने ली अधिकारियों एवं उद्यमियों की बैठक

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट जिले में उपलब्ध खनिज, वन एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उद्यमों की स्थापना एवं जिले में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 18 अगस्त 2021 को इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया था। इस मीट में फैरो मैंगनीज ईकाई, बायो फ्यूल एथेनाल, राईस इंडस्ट्री एवं अन्य उद्यमों में निवेश के लिए उद्यमियों की ओर से लगभग 4500 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिये गये है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 29 अगस्त को बालाघाट प्रवास के दौरान बालाघाट जिले में निवेश के लिए तैयार उद्यमियों को हर संभव मदद करने का आवश्वासन दिया है। 18 अगसत 2021 की बालाघाट इन्वेस्टर्स मीट में प्राप्त निवेश के प्रस्ताओं को गति प्रदान करने एवं अब तक



इस दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए आज 12 सितम्बर को मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री श्री रामकिशोर ÷नानो÷ कावरे की अध्यक्षता में जिले के अधिकारियों एवं उद्यमियों की बैठक का आयोजन किया गया था। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में पूर्व कलेक्टर श्री दीपक आर्य, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, एमआईडीसी के कार्यकारी निदेशक श्री सी एस धुर्वे, एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री श्री एम ए कुरैशी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री राजीव श्रीवास्तव, बालाघाट चेंबर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष श्री अभय सेठिया, उद्यमी श्री आशिष त्रिवेदी, श्री हर्ष त्रिवेदी, श्री अतुल वैद्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आयुष मंत्री श्री कावरे ने बैठक में अधिकारियों एवं उद्यमियों से कहा कि इन्वेस्टर्स मीट में जिले में निवेश संबंधी जो भी प्रस्ताव उद्यमियों की ओर से प्राप्त हुए हैं, वह धरातल पर भी नजर आना चाहिए। यह केवल इन्वेस्टर्स मीट बनकर न रह जाये, बल्कि उसके परिणाम भी सामने आने चाहिए। निवेश के इच्छुक उद्यमियों को जमीन आबंटन से लेकर अन्य अनुमतियां व अधोसंरचना उपलब्ध कराने में कितनी प्रगति हुई इसकी नियमित रूप से समीक्षा होना चाहिए। इसके लिए उद्यमियों एवं अधिकारियों की एक समिति बनाकर हर 15 दिनों में बैठक आयोजित की जाये और इस दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की जाये। शासन स्तर पर संबंधित विभाग के मंत्री स्तर पर जो कुछ भी समस्यायें आयेंगी उनके निराकरण के लिए मैं स्वयं भोपाल में प्रयास करूंगा। मंत्री श्री कावरे ने आगे कहा कि उद्यमियों को आबंटन के लिए जो जमीन चिन्हित की गई है वहां पर सड़क बनाने का काम किया जायेगा। प्रथम चरण में बोडुन्दाकला एवं खापा में सड़क निर्माण के लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने लघु उद्योगों के अंतर्गत राईस मिलर्स के लिए कनकी में में क्लस्टर्स बनाने कहा। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने बैठक में बताया कि उद्यमियों को जिला स्तर से जो सुविधायें दी जा सकती हैं, उन पर तत्परता से कार्य किया जायेगा और जिले में निवेश को प्रोत्साहित किया जायेगा। उद्योगों के लिए चिन्हित जमीन तक पहुंचे के लिए सड़क एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण के लिए भी सार्थक प्रयास किये जायेंगें।

# पहले अल्टीमेटम देकर गए थे अब बचाव करते नजर आए... सड़कों को लेकर मंत्रियों के तेवर हुए ढीले

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सड़क और उसमें गड्ढे को लेकर प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों के तेवर ढीले नजर आ रहे हैं। पिछले महीने जब प्रभारी मंत्री ग्वालियर आए थे तो तेवर भी तीखे थे। प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने साफ शब्दों में कहा था कि 10 दिन के अंदर सड़कों को ठीक करें। मैं आऊंगा तो खुद जाकर देखूंगा, लेकिन अब उससे भी ज्यादा खराब सड़क देखकर वह अफसरों का बचाव करते नजर आए हैं। खुद ही बोले हैं कि बीच में बारिश हो गई थी, इसलिए काम रूक गया था। इतना ही नहीं अफसरों को सख्त निर्देश देने की बात तक कर रहे हैं। ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने तो हद ही कर दी। मीडिया से यहां तक पूछ लिया कि आज चार गड्ढे सड़क पर दिख रहे हैं। सन 2002-03 में जब गड्ढे ही सड़क होते थे तब कोई नहीं बोलता था। जब ऊर्जामंत्री से पूछा कि कब तक ठीक हो जाएंगी सड़कें तो उनका कहना था आखे देखते जाइए।





जिले के प्रभारी और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट रविवार को ग्वालियर प्रवास पर आए हैं। पिछले महीने जब वह ग्वालियर आए थे तो शहर की सड़कों को लेकर काफी नाराज नजर आए थे। इतना ही नहीं अफसरों को फटकार लगाते हुए 10 दिन का अल्टीमेटम दिया था। कहा था 10 दिन बाद वापस आऊंगा तो सड़के अच्छी मिलनी चाहिए। नगर निगम को पेच वर्क करने के लिए भी कहा था। साथ ही गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी दिए थे। पर अभी रविवार को वापस लौटे तो प्रभारी मंत्री सिलावट, ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के सुर बदले हुए थे। अब सड़कों पर गुस्सा नहीं बल्कि बारिश को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गोला का मंदिर से फूलबाग चौराहा, शिंदे की छावनी उरवाई गेट और सेवानगर तक सड़कों की हालत देखी और गड्ढों को देखा। एक जगह रूककर प्रभारी मंत्री सिलावट और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सड़क से पेचवर्क मटेरियल उठाकर भी देखा। मंत्री को सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे दिखाई दिए उनकी गाड़ी भी इन्हीं गड्ढों में से होकर निकली। मंत्री ने दाएं बाएं देखा और लेकिन कुछ बोले नहीं और जब मीडिया ने उनसे इसपर सवाल किया तो कहा कि प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जल्द कार्य पूरा करने का आदेश दिया है। बरसात होने के कारण सड़क का कार्य बंद किया गया था। जिस कारण सड़क को ठीक करने में समय लगेगा। वहीं जब ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर से उनके क्षेत्र में सड़कों की हालत को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आज सड़क में 4 गड्ढे हो जाते हैं तो दिखते हैं। पहले जब गड्?ढे में सड़क होती थी। 2002 और 2003 की बात करे तो गड्?ढे बहुत होते थे। एक पत्रकार साथी के द्वारा बताया गया कि 2002 और 2003 में भी आप प्रतिनिधि थे तो उन्होंने तत्काल कहा कि उस समय भी आवाज उठा कर काम कराने के लिए सबसे आगे रहता था और आज भी।

**क्या बोले प्रभारी मंत्री:** प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि अधिकारियों को जल्द कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया है। बरसात होने के कारण सड़क पर पेचवर्क का कार्य बंद किया गया था। जिस कारण सड़क को ठीक करने में समय लग रहा है। शाम को भी पूरे मामले की समीक्षा कर रहा हूं। अफसरों को जल्द सड़कें ठीक करने के निर्देश दिए हैं।

## नैनो न्यूज

### बजरंग भक्त मण्डल ने की इस सप्ताह 2100 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा

**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मण्डल द्वारा सप्ताह में दो बार की जाने वाली गौभोग सेवा के क्रम में मार्क हॉस्पिटल, गोला का मन्दिर स्थित गौशाला में दिनांक 08/09/21 बुधवार एवं 12/09/21 रविवार को 2100 किलो हरे चारे की गौभोग सेवा की गई। मण्डल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि सप्ताह 08/09/21 को लगभग 800 किलो 09/09/21 को श्री नितिन अग्रवाल जी की पुत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 500 किलो एवं 12/09/21 को भी लगभग 800 किलो कुल 2100 किलो हरे चारे की सेवा इस सप्ताह बजरंग भक्त मंडल के माध्यम से गौसेवकों द्वारा की गई है। मंडल ने आमजन से अपने प्रियजनों की वर्षगांठ, वैवाहिक वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि पर गौसेवा करने की अपील की है जिससे अपने प्रियजनों के नाम से गौसेवा का पुण्य लाभ सभी को मिल सके। उक्त गौसेवा मे मण्डल अध्यक्ष आशीष मंगल, सचिव मुकेश खण्डेलवाल, जितेंद्र पमनानी, मोनू भैया दाल बाजार, पंकज अग्रवाल, रामकिशोर मंगल आदि सदस्य उपस्थित थे।



### मौसा पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर की पुरानी छावनी थाना पुलिस ने एक युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में जांच के बाद मृतका के मौसा पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में रहने बाली रितू पुत्री लक्ष्मीनारायण ने 23 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला रितु की किसी युवक से दोस्ती थी और उसकी मौसी उससे बात कराती थी। जब इसका पता रितु की मौसा छोटा बल्लू को चला तो उसने 20 मई को रितु की मारपीट कर धमकी दी कि वह उस लड़के से नहीं मिलेगी ।23 मई को रितु को सिर्फ लड़के के साथ देखने पर मोसा ने है उसकी मारपीट कर दी थी। इसके बाद रितु ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रितूकी पुलिस ने जांच के बाद मौसा छोटा बल्लू के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पति के दोस्त ने किया महिला से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर के जनक गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ उसके पति के दोस्त ने दुष्कर्म कर डाला और छह माह तक उसका दैहिक शोषण करता रहा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 साल की एक महिला ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति वाहन चालक है 6 माह पहले उसके रिश्तेदार अस्पताल में भर्ती थे और पति रिश्तेदार की देखभाल करने अस्पताल में ही रहते थे ।उसी समय पति का दोस्त भंडारी वाल्मीकि एक दिन घर आया उस समय महिला घर में अकेली थी ।भंडारी ने महिला को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे ब्लैकमेल कर 6 माह तक उसका शोषण करता रहा ।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

### कारखाने में चोरी मशीनें तोड़ी

**ग्वालियर।** शहर झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित विक्की फैक्ट्री के पास अज्ञात चोरों ने एक फैक्टरी पर धावा बोल दिया और वहां से मशीने चोरी कर ले गए साथ ही कुछ मशीनों की तोड़फोड़ कर डाली है ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार माधव नगर निवासी सुनील भदोरिया की विक्की फैक्ट्री के पास कपड़ा का बैग बनाने की फैक्ट्री है।

# प्रेम विवाह करने के एक माह बाद फांसी पर झूली

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक युवती ने लव मैरिज के 20 दिन बाद फांसी लगा ली। दोनों की मुलाकात तीन महीने पहले हुई थी। फिर दोस्ती और प्यार हुआ। दोनों ने शादी करने का फैसला किया तो परिवार रोड़ा बन गए। इस पर दोनों ने मंदिर में जाकर शादी कर ली। इस बीच, शनिवार रात दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और युवती ने खुदकुशी कर ली। मामले को लेकर दोनों परिवारों में तनाव की स्थिति है। उपनगर मुरार के सिद्धेश्वर नगर निवासी 22 साल की नेहा चौहान सिटी सेंटर पटेल नगर में एक शोरूम के पास प्राइवेट ऑफिस में जॉब करती थी। अपने काम पर आने जाने के दौरान करीब 3 महीने पहले उसकी दोस्ती पटेल नगर में रहने वाले राहुल बाथम से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में मुलाकात होने लगी। 22 अगस्त को दोनों ने अपने-अपने परिवार के खिलाफ जाकर मंदिर में शादी कर ली। अपनी शादी के लिए अपने परिवारों के खिलाफ जाने वाले प्रेमी जोड़े में शादी के बाद से ही झगड़े शुरू हो गए। शनिवार रात को भी नेहा और राहुल के बीच बहस हुई। इस पर दोनों अलग-अलग सो गए। सुबह 3.30 बजे तक राहुल ने नेहा को सोता देखा था। इसके बाद वह सो गया। जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसी रूम में नेहा ने फांसी लगा ली है। उसने उसकी नब्ज टटोली तो सांसे थम चुकी थीं। मामले की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को निगरानी में लेकर जांच शुरू कर दी है। नेहा के परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है।





### मामूली बहस हुई थी, पता नहीं यह कदम उठा लेगी

इस मामले में नेहा के पति राहुल का कहना है कि उन दोनों में बहुत प्यार था। रात को सोते समय मामूली बहस हुई थी। उसके बाद खाना खाकर हम दोनों सो गए। पता नहीं था सुबह जब नींद खुलेगी तो नेहा हमेशा के लिए मुझे छोड़कर चली जाएगी। उसने यह कदम क्यों उठा लिया, पता नहीं है।

### आत्महत्या की वजह की जांच की जा रही है: टीआई

इस मामले में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी आनंद बाजपेई का कहना है कि एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी है। मृतका ने 20 दिन पहले ही प्रेम विवाह किया था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। जांच में जो तथ्य आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुजारी को बांधकर मंदिर को खोदा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में लूट करने मंदिर में घुसे बदमाशों को पता लगा कि मंदिर में मूर्तियों के नीचे वर्षों पुराना खजाना छिपा है। बदमाशों ने मंदिर के दोनों पुजारियों को 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। इसके बाद पूरा मंदिर खोद डाला।। कुछ नहीं मिला तो बदमाश पुजारी से 5 हजार रुपए लूट कर भाग गए। घटना शनिवार-रविवार दरमियानी रात तिघरा के दुगनावली गांव स्थित काली मंदिर की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मंदिर की स्थिति देख पुजारियों को मुक्त कराया। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है। मंदिर से तीन से चार मूर्तियां भी गायब हैं।





तिघरा में पंचा का पुरा निवासी कप्तान भगत पास ही दुगनावली काली माता मंदिर में पुजारी हैं। उनके साथ में मुंशी भगत भी हैं। शनिवार रात दोनों मंदिर में सो रहे थे। मंदिर के बारे में बता दें कि यह काफी पुराना काली माता का मंदिर है। आसपास के कई गांवों में अफवाह है कि मंदिर में जहां भगवान की मूर्तियां स्थापित हैं, वहां खजाना छिपा है। इसी सिलसिले में शनिवार-रविवार दरमियानी रात 12 बजे करीब 10 से 12 बदमाश मंदिर में वारदात की नीयत से दाखिल हुए।

बदमाशों ने पुजारी कप्तान और मुंशी भगत को बंधक बना लिया। इसके बाद मंदिर में खुदाई शुरू कर दी। जहां-जहां मूर्तियां स्थापित थीं, वहां बदमाशों ने करीब 3 से 4 फीट तक खुदाई की। करीब 5 घंटे तक खुदाई के बाद भी जब कुछ नहीं मिला, तो उन्होंने गुस्से में सुबह पुजारी की जेब में रखे 5 हजार रुपए लूटे और भाग गए।

**लोगों ने कराया बाबा को मुक्त:** रविवार सुबह जब गांव के लोग मंदिर पहुंचे, तो हैरान रह गए। मूर्तियों के पास गड्ढे खुदे पड़े थे। अंदर कमरे में पहुंचे, तो वहां दोनों पुजारी हाथ पैर बंधे पड़े थे। पहले लोगों ने पुजारियों को मुक्त कराया। मामले की सूचना तिघरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। मंदिर में गड्ढा और मिट्टी हर तरफ बिखरे पड़े थे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**मार-मार तोड़ दिया दांत:** मारपीट के दौरान पुजारी मुंशी भगत ने विरोध भी किया था। दो बदमाशों ने उनके हाथ पैर बांधकर मुंह में 8 से 10 घूंसे मारे थे। इससे उनके दांत टूट गए हैं। मंदिर से चार मूर्ति भी गायब हैं। आरोपी मूर्ति चोरी कर ले गए या फिर मिट्टी में दब गईं। मूर्तियों का पता लगाने के लिए ग्रामीण मिट्टी को गड्ढे में भरने में लग गए। दोपहर तक मूर्तियों का पता नहीं चला था। यह मूर्तियां प्राचीन और पत्थर की हैं।

**यह था बदमाशों का हुलिया:** पुजारियों के अनुसार 10 से 12 बदमाश थे। सभी की उम्र 30 से 40 साल के करीब बताई गई है। कद काठी से भी सामान्य थे। सभी ने चेहरे साफी से ढंके हुए थे, इसलिए उनके चेहरे नहीं दिखे हैं। बातचीत से गांव की ही भाषा बोल रहे थे। तिघरा थाना प्रभारी सुरेश कुमार का कहना है कि मंदिर में खुदाई की है। पुजारियों को बांधा गया है। मामले की जांच की जा रही है। गड़ाधन के लालच में बदमाश आए थे। बदमाश आसपास के गांव के लोग ही हो सकते हैं। क्योंकि इसी गांव के लोगों को अंधविश्वास है कि मंदिर में गड़ा धन है।

### सहेली के प्रेमी ने घर पर आकर की फायरिंग

**ग्वालियर।** गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में क्षेत्र नारायण विहार में कोचिंग जाने वाली बेटी की सहेली के प्रेमी ने महिला के घर पर फायरिंग कर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नारायण विहार कॉलोनी निवासी गुड्डी पत्नी राजेश भदौरिया की बेटी कक्षा दसवीं में पढ़ती है। 4 दिन पहले हुए कोचिंग जा रही थी तो उसकी सहेली आई और बताया कि वह भी कोचिंग जा रही है। इस पर दोनों साथ चली गई बाद में गुड्डी तो पता चला कि उसकी बेटी कोचिंग नहीं गई थी ।जब उसने पूछताछ की तो गुड्डी की बेटी ने अपनी मां को बताया कि उसकी सहेली अपने प्रेमी से मिलने गई थी और मुझे भी साथ ले गई थी। इस बात का पता चलने के बाद गुड्डी बेटी की सहेली के घर शिकायत करने पहुंची। सहेली के परिजनों द्वारा नाम पूछे जाने पर गुड्डी की बेटी ने सहेली के प्रेमी का नाम बता दिया।

# टीका ही ऐसा ब्रम्हास्त्र है जो हमें कोविड-19 से बचा सकता है: प्रभारी मंत्री श्री सिलावट



**ग्वालियर।** टीका ही ऐसा ब्रम्हास्त्र है, जो हमें कोविड-19 से बचा सकता है। जिले की शत-प्रतिशत पात्र आबादी को कोरोना के दोनों डोज के टीके लगवाकर कोरोना सुरक्षा कवच पहनाएँ, जिससे कोरोना महामारी से किसी को भी अपने प्रियजन को नहीं खोना पड़े। इस आशय के विचार जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने व्यक्त किए। श्री सिलावट ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत मुरार एवं घाटीगाँव की सभी ग्राम पंचायतों में निवासरत शत-प्रतिशत पात्र लोगों को कोरोना वैक्सीन के प्रथम डोज के टीके लगने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हमारे प्रयास ऐसे हों कि अब किसी भी घर का दीपक बुझने न पाए। मुरार एवं घाटीगाँव की सभी ग्राम पंचायतों सहित जिले की 204 ग्राम पंचायतों में निवासरत शतप्रतिशत आबादी को कोरोना के प्रथम डोज के टीके लगाए जा चुके हैं। ज्ञात हो जिले में कुल 255 ग्राम पंचायतें हैं।

रविवार को यहाँ बाल भवन में आयोजित हुए सम्मान समारोह में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री तोमर एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने शतप्रतिशत पात्र आबादी को कोरोना के प्रथम डोज के टीके लगाने में सफलता हासिल करने के लिए मुरार एवं घाटीगांव की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों और विभिन्न विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों सहित जिला प्रशासन, ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मंत्री द्वय ने इस उपलब्धि के लिए वरिष्ठ अधिकारियों सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सहित अन्य मैदानी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के देश को कोरोना मुक्त बनाने के संकल्प और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह के लक्ष्य को पूरा करने में ग्वालियर जिले की मुरार व घाटीगाँव जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों सहित जिले की 204 ग्राम पंचायतों ने अहम योगदान दिया है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि जिले की शेष 51 ग्राम पंचायतें भी जल्द ही प्रथम चरण के कोरोना टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेंगीं। उन्होंने इस अवसर पर आग्रह किया कि जिस तरह प्रथम डोज की वैक्सीन लगाने में आप सबने प्रयास किए हैं उसी तरह दूसरा डोज भी लगवाएँ। जिले का सम्पूर्ण टीकाकरण होने पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों का हम फिर से सम्मान करने आयेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आप सभी के द्वारा की गई रात-दिन की अथक मेहनत की बदौलत यह टीकाकरण संभव हुआ है।

# पैरा ओलंपियन केनो खिलाड़ी किरार समाज की बेटी प्राची यादव (किरार) का सम्मान

**ग्वालियर।** किरार समाज का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली केनो स्पोर्ट की पैरा ओलम्पिक खिलाड़ी प्राची यादव जी सम्मान समारोह कार्यक्रम आज दिनांक 12 सितंबर 2021 किरार भवन गांधी रोड पर किरार क्षत्रिय समाज एवं किरार क्षत्रिय न्यास लोक न्यास के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता किरार क्षत्रिय लोक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष आदरणीय गजराज सिंह मास्टर ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जगदीश यादव, आदरणीय रघुनाथ सिंह यादव आई साहब, महिला अध्यक्ष श्रीमती खुशबू यादव ,महासभा युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज सिंह राजपूत जी कांग्रेस युवा नेता संजय सिंह यादव मंचासीन रहे कार्यक्रम संचालन प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाज सेवी छात्रावास अधीक्षक रघुनाथ टीआई साहब एवं राजकुमार राजपूत ने किया कार्यक्रम के शुभ अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ परशुराम सिंह राजपूत ,सोनू दिग्विजय सिंह राजपूत जी ,सत्येंद्र सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव आर पी वर्मा ,महेश जी, गोविंद राजपूत एवं महिला मोर्चा की महामंत्री प्रीति राजपूत सहित मातृशक्ति एवं समाज बंधु उपस्थित हुए कुमारी प्राची यादव (किरार) का विक्रम अवार्ड में चयन होने पर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती खुशबू यादव एवं उनकी जिला इकाई द्वारा शॉल श्रीफल नारियल भेंट कर सम्मान किया गया प्राची यादव ने मंच से समाज को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने फिजिकल कॉलेज एल एन आई पी सी ट्रेनिंग ली बचपन में स्विमिंग कंपटीशन में भाग लिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीते मेरे कोच आदरणीय डबास सर जी द्वारा मुझे केनो खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और मैंने बहुत मेहनत करके कम समय में दिन-रात प्रैक्टिस कर अपने खेल को और मजबूत किया मेरे लिए है गौरव की बात है कि मैं भारत की तरफ से पहली ऐसी महिला पैरा ओलंपियन खिलाड़ी बनी जिसने पैरा ओलंपिक में हिस्सा लिया मेने देश के लिए आठवां स्थान प्राप्त किया इसके लिए मैं अपने पिता एवं अपने कोच धन्यवाद देती हूं मेरा सम्मान करने के लिए आप सभी समाज बंधुओं को हृदय से धन्यवाद अर्पित करती हूं।




## पैरा ओलंपियन केनो खिलाड़ी किरार समाज की बेटी प्राची यादव का सम्मान

**ग्वालियर।** किरार समाज का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाली केनो स्पोर्ट की पैरा ओलम्पिक खिलाड़ी प्राची यादव का सम्मान समारोह कार्यक्रम आज दिनांक12 सितंबर 2021 किरार भवन गांधी रोड पर किरार क्षत्रिय समाज एवं किरार क्षत्रिय न्यास लोक न्यास के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता किरार छत्रिय लोक न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष गजराज सिंह मास्टर ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश यादव आदरणीय रघुनाथ सिंह यादव टी आई , महिला अध्यक्ष श्रीमती खुशबू यादव जी ,महासभा युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज सिंह राजपूत जी कांग्रेस युवा नेता संजय सिंह यादव मंचासीन रहे कार्यक्रम संचालन प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवीछात्रावास अधीक्षक रघुनाथ टीआई साहब एवं राजकुमार राजपूत जी ने किया कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ परशुराम सिंह राजपूत ,सोनू दिग्विजय सिंह राजपूत ,सत्येंद्र सिंह यादव धर्मेंद्र यादव आर पी वर्मा ,महेश , गोविंद राजपूत एवं महिला मोर्चा की महामंत्री प्रीति राजपूत सहित उपस्थित हुए कुमारी प्राची यादव जी का सम्मान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती खुशबू यादव जी एवं उनकी जिला इकाई द्वारा शॉल श्रीफल नारियल भेंट कर किया गया प्राची यादव ने मंच से समाज को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने फिजिकल कॉलेज एल एन आई पी सी ट्रेनिंग ली बचपन में स्विमिंग कंपटीशन में भाग लिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीते मेरे कोच आदरणीय डबास सर जी द्वारा मुझे केनो खेलने के लिए प्रोत्साहित किया और मैंने बहुत मेहनत करके कम समय में दिन-रात प्रैक्टिस कर अपने खेल को और मजबूत किया मेरे लिए है गौरव की बात है कि मैं भारत की तरफ से पहली ऐसी महिला पैरा ओलंपियन खिलाड़ी बनी जिसने पैरा ओलंपिक में हिस्सा लिया मेने देश के लिए आठवां स्थान प्राप्त किया इसके लिए मैं अपने पिता एवं अपने कोच धन्यवाद देती हूं मेरा सम्मान करने के लिए आप सभी समाज बंधुओं को हृदय से धन्यवाद अर्पित करती हूं।

*स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130*
*नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान* E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478